


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 29 दिसंबर 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-270 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## भारतमाता मुआवजा घोटाला: 9 ठिकानों पर ईडी की रेड

**रायपुर,29 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय ने नए साल से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतमाला प्रोजेक्ट मुआवजा घोटाले में राजधानी रायपुर और महासमुंद जिले में एक साथ छापेमारी की है। सोमवार सुबह शुरू हुई इस कार्रवाई में 9 से अधिक ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। ईडी की यह कार्रवाई भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण के लिए किए गए भूमि अधिग्रहण में मुआवजा भुगतान को लेकर हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। आरोप है कि कुछ अधिकारियों, राजस्व कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों ने मिलीभगत कर किसानों के मुआवजे की राशि में घोटाला किया।महासमुंद में होंडा शोरूम के मालिक कारोबारी जशबीर सिंह बग्गा के बसंत कॉलोनी स्थित निवास पर ईडी की टीम ने छापा मारा। रायपुर में लॉ विष्टा सोसाइटी



स्थित हरमीत खनूजा के आवास पर भी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, उनके कथित सहयोगियों, कुछ सरकारी अधिकारियों और भूमि अधिग्रहण से जुड़े जमीन मालिकों से भी पूछताछ की जा रही है। ईडी की अलग-अलग टीमें वित्तीय लेनदेन से जुड़े दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और संपत्ति से संबंधित कागजातों की जांच कर रही हैं।

**भारतमाला परियोजना क्या है?-** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में शुरू की गई भारतमाला परियोजना देश की सबसे महत्वाकांक्षी सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं में से एक है। इसके तहत करीब 26,000 किलोमीटर लंबे आर्थिक गलियारों का विकास किया जाना है। इस परियोजना में आर्थिक कॉरिडोर, फीडर कॉरिडोर, राष्ट्रीय कॉरिडोर, तटीय सड़कें और बंदरगाह संपर्क सड़कें शामिल हैं। रायपुर–विशाखापत्तनम कॉरिडोर, जिसकी लंबाई लगभग 950 किलोमीटर है, इसी परियोजना का एक अहम हिस्सा है।

### किसानों को नहीं मिला पूरा मुआवजा

छत्तीसगढ़ में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहित की गई जमीनों के बदले कई किसानों को अब तक पूरा मुआवजा नहीं मिल पाया है। आरोप है कि कुछ अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों ने धोखाधड़ी कर मुआवजा राशि का दुरुपयोग किया। इसी मामले में ईडी की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। फिलहाल, ईडी की कार्रवाई जारी है और आने वाले समय में इस घोटाले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर स्टे जेल से बाहर नहीं आएगा सेंगर

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** उन्नाव रेप केस में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को मिली राहत पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सेंगर की सजा निलंबित कर जमानत देने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि जमानत मिलने के बावजूद सेंगर जेल से बाहर नहीं आएगा। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर आज सुनवाई शुरू हो गई है। सीबीआई ने शीर्ष अदालत से सेंगर की सजा को बरकरार रखने की अपील की है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता की उम्र 16 साल से कम थी और मामला आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज है। उन्होंने कहा कि धारा 376(2) के तहत न्यूनतम सजा 20 साल और अधिकतम सजा जैविक जीवन के अंत तक कारावास है, ऐसे गंभीर अपराध में सजा निलंबन गलत नजीर बन सकता है। सीबीआई के वकील ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को निर्विवाद रूप से दोषी ठहराया है। साथ ही यह भी रेखांकित किया गया कि सेंगर एक जनप्रतिनिधि रह चुका है और उसके खिलाफ पीड़िता के पिता की हत्या का मामला भी दर्ज है, जिस पर अलग से अपील लंबित है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि सेंगर 7 साल से ज्यादा समय से जेल में है और अपील की सुनवाई में लगातार देरी हो रही है, जिससे उसके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट यह तय करेगा कि हाईकोर्ट का यह आदेश न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर कितना सही है।सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले इस मामले को लेकर सामाजिक संगठनों और महिला कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन भी किया। मामला सुप्रीम कोर्ट की हियरिंग लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली अवकाशकालीन पीठ, जिसमें जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं, इस पर सुनवाई कर रही है।

### आईपीएस शुक्ला प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**रायपुर,29 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 2013 बैच के आईपीएस जितेंद्र शुक्ला जल्द ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। तेज तर्रार जितेंद्र शुक्ला को NSG में ग्रुप कमांडर पद पर पदस्थापना दी गई है। ग्रुप कमांडर पद एसपी के समतुल्य होता है। केंद्र सरकार से उक्ताशय का पत्र आज ही राज्य सरकार को भेजा गया है। आईपीएस जितेंद्र शुक्ला इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के निवासी हैं। जितेंद्र शुक्ला को रीढ़ की हड्डी वाला अफसर माना जाता है। जितेंद्र को लेकर यह प्रचलित है कि यह अधिकारी अड़ियल नहीं है मगर गैर वाजिब मसले पर झुकता या दबता भी नहीं है।

### सड़क किनारे युवक की लाश मिलने से सनसनी

**गरियाबंद/राजिम,29 दिसंबर।** राजिम थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी गांव में बीती रात को उस वक्त सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे एक युवक की छत-विछत अवस्था में लाश बरामद हुई। मृतक की पहचान चंदू तारक के रूप में की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, युवक की लाश को करीब 100 मीटर तक घसीटकर मेन रोड पर फेंका गया, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। घटनास्थल पर मिले हालात भी किसी गंभीर वारदात की ओर इशारा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

### अपहरण के बाद युवक की हत्या ,5 बंदी

**मुंगेली,29 दिसंबर।** जिले के जरहागांव थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुए दिनदहाड़े युवक के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में इस वारदात का मास्टरमाइंड भी शामिल है। वहीं, इस मामले में एक आरोपी के स्थानीय पार्षद होने की चर्चा ने घटना की संवेदनशीलता और बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना दो दिन पूर्व घटी थी, जब युवक को अज्ञात लोगों ने दिनदहाड़े फिल्मी अंदाज में अपहरण कर लिया था। कुछ घंटों बाद युवक को उसके ही घर के बाहर अधमरी हालत में फेंक दिया गया। परिजन तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए, जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि उसके साथ निर्ममता से मारपीट की गई थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की गहन जांच शुरू की।

पुलिस ने सायबर सेल और तकनीकी टीम की मदद से आरोपियों की पहचान की। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में से एक पूरा षड्यंत्र रचने वाला मास्टरमाइंड है। इसके अलावा कुछ अन्य संदिग्धों की भूमिका भी सामने आई है, जिनकी तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच हर एंगल से की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का विस्तृत खुलासा किया जाएगा। वहीं, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।

परिजनों ने दो दिन बाद भी न्याय की

## टाटा–एर्नाकुलम एक्सप्रेस में भीषण आग

### दो एसी डिब्बे जलकर खाक, एक की मौत, कई घायल

हैदराबाद,29 दिसंबर। आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले में रविवार देर रात बड़ा रेल हादसा हो गया। विशाखापत्तनम-दुव्वाडा होते हुए एर्नाकुलम जा रही टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18189) के दो एसी कोचों में अचानक भीषण आग लग गई। यह हादसा एलामंचिली रेलवे स्टेशन के पास सोमवार तड़के करीब 1:30 बजे हुआ, जब अधिकांश यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। घटना के बाद यात्रियों के बीच चीखपुकार मच गई। इसके बाद यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से भागे। जानकारी के मुताबिक टाटा एर्नाकुलम एक्सप्रेस में आग बी2 और एम1 कोच में लगी। यह दोनों कोच जल गए। आग लगते ही ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों को निकाले जाने के दौरान बोगी से एक शव मिला है। अनाकापल्ली के पुलिस अधीक्षक तुहिन सिन्हा ने इसकी पुष्टि की है। इस रेल हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगालापुडी अनीता ने एर्नाकुलम एक्सप्रेस में हुई आग की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर बात कर पूरी जानकारी ली और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि रेल सेवाएं जल्द सामान्य हों, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं. उन्होंने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। रेलवे ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। रेलवे ने बयान जारी कर कहा है कि आग ट्रेन के कोच बी1 से लगी थी। ट्रेन उस वक्त अनाकापल्ली जिले के एलामंचिली स्टेशन के पास पहुंच रही थी। लोको पायलट ने ट्रेन से आग की लपटें उठते देख ट्रेन एलामंचिली स्टेशन पर रोक दी। इसके बाद यात्रियों को निकालने के साथ ही आग बुझाने की कोशिशें भी शुरू की गई।

## अरावली हिल्स वाले अपने ही आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, नई समिति का होगा गठन

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** अरावली हिल्स में खनन से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 20 नवंबर के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ किया कि अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनी रहेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अरावली रेंज की परिभाषा को लेकर गहरी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि 20 नवंबर के आदेश को लागू करने से पहले एक निष्पक्ष और स्वतंत्र समीक्षा जरूरी है। इसके लिए डोमेन एक्सपर्ट्स की हाई पावर्ड कमेटी गठित की जाएगी, जो खनन के पर्यावरणीय असर, अरावली की सीमाएं और संरक्षण की निरंतरता जैसे मुद्दों की



जांच करेगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में खनन को लेकर समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया माइनिंग प्लान कोर्ट की मंजूरी के बाद ही लागू होगा और इसमें पब्लिक कंसल्टेशन भी शामिल रहेगा। इस पहल की सीजेआई ने सराहना की। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि कोर्ट की कुछ टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति बन रही है। अरावली पहाड़ियों की ऊंचाई, 500 मीटर के दायरे, खनन की अनुमति या रोक जैसे पहलुओं पर स्पष्टता जरूरी है। गौरतलब है कि अरावली को लेकर विवाद 1996 से चला आ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अरावली पहाड़ियां थार रेगिस्तान को दिल्ली-एनसीआर तक बढ़ने से रोकने वाली प्राकृतिक दीवार हैं। नई परिभाषा से छोटी पहाड़ियों के संरक्षण पर खतरा बढ़ सकता है, जिससे प्रदूषण और भूजल संकट गहरा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी 2026 को होगी। तब तक सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से विस्तृत रिपोर्ट और सुझाव देने को कहा है।

### बाल-बाल बचे केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू

**कार में लोहे की रॉड टकराने से शीशा क्षतिग्रस्त**

**बिलासपुर,29 दिसंबर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री और बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू रविवार को सड़क पर हुए एक अप्रत्याशित हादसे में बाल-बाल बच गए। मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर से रायपुर एयरपोर्ट जा रहे थे, तभी चंदेली (दामाखेड़ा) के पास उनकी कार में एक लोहे की रॉड टकरा गई। जानकरी के मुताबिक, घटना के समय वाहन में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के साथ उनके निजी स्टाफ और सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद थे। लोहे की रॉड वाहन के सनरूफ और मिरर क्षेत्र से टकराते हुए कार के शीशे को क्षतिग्रस्त कर गई। अधिकारियों के अनुसार, यदि वाहन में यह संरचना न होती, तो रॉड सीधे चालक या यात्रियों की ओर जा सकती थी। इस अप्रत्याशित हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, और सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के तुरंत बाद एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात पुलिस बल ने लोहे की रॉड को जब्त कर लिया। प्रशासन ने कहा कि यह घटना आकस्मिक प्रतीत होती है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था और अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। मंत्री तोखन साहू ने भी पुष्टि की कि वाहन में सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है, जिसमें कार में टकराई हुई रॉड और क्षतिग्रस्त शीशा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।




### कोरबा के एसएस प्लाजा में भीषण आग

कोरबा,29दिसंबर। कोरबा के एसएस प्लाजा में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई. घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है. पद्मिनी ज्वैलर्स, बालाजी स्टील सहित कई दुकानें आग की चपेट में आ गई. सूचना पर दमकल की 10 से अधिक गाड़ियां और 3 पानी टैंकर मौके पर पहुंची गई है. घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, पद्मिनी ज्वैलर्स और बालाजी स्टील सहित अन्य दुकानों को सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है. आग इतनी भीषण है कि अबतक काबू नहीं पा जा सका है. 14 दमकल वाहनों और 3 पानी टैंकर की मदद ली जा चुकी है. फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है.

### 6 करोड़ के गांजा से भरा ट्रक पकड़ाया

**बलरामपुर-रामानुजगंज,29 दिसंबर।** नए साल से पहले छत्तीसगढ़ के रास्ते से हो रही गांजा तस्करी पर पुलिस ने फिर से शिंकजा कसा है. सूखे नशे के खिलाफ बलरामपुर जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. 6 करोड़ रुपए के गांजे से भरे ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा गया है. आरोपी मादक पदार्थ को ओडिशा से लेकर राजस्थान लेकर जा रहे थे. पुलिस ने तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई बसंतपुर थाना क्षेत्र में की गई है. जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर 28 दिसंबर की रात सरहदी इलाके में घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक RJ 32 GE 0960 को रोका गया. तलाशी के दौरान ट्रक में भरे नारियल भूसी के नीचे 40 पैकेट गांजा बरामद हुआ. जब्त गांजे का कुल वजन 1198.460 किलोग्राम और अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ 99 लाख रुपये बताई गई है. वहीं तस्करी में प्रयुक्त ट्रक की कीमत लगभग 25 लाख रुपये आंकी गई है. गिरफ्तार अमरीश कुमार (23 साल) और मनीष कुमार (20 साल) यूपी के निवासी हैं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 228/2025, धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है. यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर के निर्देशन में की गई.

## धान-खरीदी को लेकर सरकार का नजरिया साफ नहीं: बैज

**रायपुर,29 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक किसान ने धान बिक्री के लिए टोकन न मिलने पर जहर खा कर आत्महत्या कर ली. इस मामले में दीपक बैज ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का धान नहीं खरीदना चाहती. प्रदेश में धान की खरीदी नहीं हो रही है, इसलिए किसान आत्महत्या कर रहे हैं. गोदामों में धान जाम हो चुके हैं, धान-खरीदी को लेकर सरकार की नियत साफ नहीं है. सरकार किसानों को नियम कानूनों में फंसा रही है और अपना पैसा बचाना चाहती है.

ईडी ने आज सुबह रायपुर और महासमुंद में 9 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है. इस मामले में पीसीसी चीफ बैज ने तंज कसते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियां केवल छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है. भारत माला परियोजना में बड़ी मछलियां उनके रडार से बाहर है. उन्होंने आरोप लगाते



हुए कहा कि ईडी खानापूर्ति करने के लिए कार्रवाई कर रही है. भाजपा के बड़े नेताओं का नाम भी आ रहा है.छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की मंडल और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची को लेकर पीसीसी चीफ ने बताया कि संगठन का काम 24 घंटा-12 महीना चलते रहता है. इस समय संगठन में ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों का चयन जारी है. हम सभी चाहते हैं कि बहुत जल्द सूची सामने आए. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की भिलाई में 5 दिवसीय हनुमंत कथा जारी है. उनके छत्तीसगढ़ पहुंचते ही धर्मांतरण समेत कई मुद्दों पर सियासत तेज हो गई है. डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा था कि बाबा बागेश्वर नक्सलवाद खत्म करने को लेकर चिंता करते हैं. उनके इस बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के नेता छग की जनता के लिए काम नहीं कर पा रहे हैं. इसलिए बाबाओं को छत्तीसगढ़ लाकर इवेंट की तरह दिखा रहे हैं. क्या गृहमंत्री धीरेन्द्र शास्त्री के कहने पर काम कर रहे हैं?

## टोकन नहीं कटने पर किसान ने किया जहर सेवन

**रायगढ़,29 दिसंबर।** खरसिया विकासखंड के ग्राम बकेली में एक किसान अपना टोकन कटवाने के लिए बीते करीब 15 दिनों से भटक रहा था. इसके बाद भी जब उसका टोकन नहीं कटा तो अत्यधिक परेशान होकर उसने अपनी जीवनलीला समाप्त करने को प्रयास करते हुए जहर सेवन कर लिया. जिसके बाद परिजन उसे गंभीर अवस्था में सिविल अस्तपाल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया. जहां फिलहाल उसका उपचार किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार फिलहाल किसान की हालत सामान्य है. इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बकेली निवासी कृष्णा कुमार गबेल की दो बड़ी बहनें हैं, जिनके नाम पर करीब 1 एकड़ खेत हैं. जिसमें वह कई वर्षों से खेती किसानी कर रहा है. चूंकि उक्त जमीन का आधिकारिक पंजीयन उसकी बहन के नाम पर है, ऐसे में धान खरीदी से संबंधित सभी प्रक्रियाओं के लिए उसके आधार सहित मोबाइल नंबर आदि की जरूरत होती है. ऐसे में उसने अपनी बड़ी बहन के बेटे का मोबाइल नंबर दर्ज कराया था. जिसमें टोकन के लिए ओटीपी आना था. पिछले करीब 15 दिनों से कृष्ण कुमार गबेल टोकन कटाने के लिए कोशिश कर रहा था. वह आनलाइन और आफलाइन दोनों ही तरीकों से टोकन कटाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन लगातार कोशिश करने के बाद भी जब टोकन नहीं कट सका तो वह काफी परेशान हो गया और इसी बीच शनिवार की सुबह करीब 11 बजे जब वह अपने परिवार के साथ घर पर था तो इसी मानसिक परेशानी से घिर कर उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया. जैसे ही इस बात की जानकारी उसकी पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को हुई तो उन्होंने आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल खरसिया में भर्ती कराया.

# भाजयुमो ने फूंका सनातन विरोधी भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव का पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,29 दिसंबर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व मंत्री टीएस सिंह द्वारा सनातन धर्म के धर्म गुरू धीरेन्द्र शास्त्री एवं सनातन के विरोध में दिए गए बयान को लेकर रविवार को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशन एवं जिला भाजयुमो के अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में श्री बघेल एवं श्री सिंहदेव का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवंतु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के साथ संपूर्ण मानव जाति और विश्व के कल्याण की कामना करता है। ऐसे महान और विशाल हृदय वाले विराट सनातन धर्म के विरुद्ध अनुचित कथन कहने वाले को सनातन धर्मप्रेमी कभी क्षमा नहीं करेंगे। वहीं जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व टीएस सिंह देव के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। उन्होने कहा कि कांग्रेस हमेशा से सनातन धर्म को नीचा दिखाने और अपमानित करने का काम करती रही और अभी भी यह काम उसी के इशारे पर चल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो पीयूष ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की संस्कृति के अनुसार उसके नेता भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव द्वारा हमारे पूज्य साधु-संतों एवं सनातन संस्कृति के विरुद्ध अत्यंत अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीराम साहू जिला अध्यक्ष भाजयुमो, पीयूष ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो, सचिन गुप्ता जिला महामंत्री भाजयुमो, तुकेश चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, मिथलेश बंजारे, नीतिश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, अरविंद वर्मा, रामचरण साहू, मीनू साहू, दुर्गेश दुबे, अश्वन साहू, अमित चंद्रवंशी, दीपक ठाकुर, राकेश साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र घृतलहरे, लोकचंद साहू, सुनील दोषी, उमंग पांडे, राकेश साहू, राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी, दिलीप घृतलहरे, दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### धनोरा दुर्ग में 3 एवं 4 जनवरी को देवी जस गीत का आयोजन



**उतई, 29 दिसंबर (तछसं.)।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा मे 3 एवं 4 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय देवी जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित होने जा रहा है यह आयोजन समस्त भक्त गण एवं ग्राम वासी के सहयोग से सफल होगा सुबह 10 बजे ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करेंगे तत् पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हो गा जो कि दो दिन तक चलेगा मनोरंजन के लिए एक से बढ़कर एक झांकी दिखाया जाएगा इसी दिन बोरसी हनोदा चंदखुरी कोकड़ी कोकड़ी मड़ोदा नेव ई मे भी जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजित होने जा रहा है दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि शाम 6 बजे जस सम्राट के द्वारा शनिवार एवं रविवार को आरती होगा अतः अभी क से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठा ए यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी

### जिला साहू संघ दुर्ग के महासचिव बने अश्वनी साहू, परिक्षेत्रीय संघ अरसनारा ने जताया हर्ष

**उतई, 29 दिसंबर (तछसं.)।** जिला साहू संघ आमचुनाव में नंदलाल साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष श्री साहू ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ग्राम पतोरा निवासी तथा तहसील साहू संघ पाटन के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू को जिला साहू संघ दुर्ग का महासचिव मनोनीत किया है। परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के प्रमुख अध्यक्ष सलाहकार खेमलाल साहू, संरक्षक हरिशंकर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी, उपाध्यक्ष संतोष साहू एवं ललिता साहू, संगठन सचिव अर्जुन साहू व दामिनी साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक कौशल बनपेला, सचिव उषा साहू, परिक्षेत्रीय सचिव गोपेश साहू, प्रचार सचिव रवि साहू व तनुजा साहू, सहसचिव सरिता साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका खेमीन साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष लालजी साहू, अंकेक्षक शशिभूषण साहू, विनोद साहू, मीडिया प्रभारी बलराम साहू सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## एक नजर

### 11 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की

भिलाई, 29 दिसंबर। भिलाई टाउनशिप के जयंती स्टेडियम में आयोजित पं.धीरेंद्र शास्त्री कार्यक्रम स्थल में भिलाई नगर थाने पुलिस ने और 11 संदिग्ध लोगों को पकड़ा बिहार समेत अन्य राज्यों से आए लोग पाकेटमारी व चेन स्नेचिंग की फिराक में घूम रही थीं सभी लोगों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि हनुमंत कथा कार्यक्रम पंडाल कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के दौरान चोरीए लूटए चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए अंदर एवं आस पास घूम रहे संदिग्धों की चेकिंग की गई इस पर अकी रुइया पति जर्सी 25 साल निवासी मध्य प्रदेश, रहीस्ता बाई पति आलागीर 20 साल निवासी मध्य प्रदेश, देवरिया पति भावना सिंह 22 साल निवासी मध्य प्रदेश, परमाल सिंह 25 साल निवासी जिला पन्ना मध्य प्रदेश, आलमगीर 18 वर्ष निवासी मध्य प्रदेश भावना 20 साल निवासी मध्य प्रदेश करू जमीदार 36 साल निवासी पटना बिहार टिंकू केवट 45 साल निवासी नालंदा बिहार श्रवण कुमार 50 साल निवासी बिहार सुनील कुमार 40 साल निवासी उत्तर प्रदेश व आशु डोंगरे 18 साल के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया ।

### बंधक बनाकर मारपीट की,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 29 दिसंबर।** छावनी थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश का बदला लेने युवक को बंधकर बनाकर प्राणघातक हमला कर दिया। वहीं बीच बीच-बचाव के लिए आए भाई की बोलेरों में भी तोड़फोड़ कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपी अभी, पोलेश, बंगारू व अन्य के खिलाफ धारा 109, 296, 3(5), 324 (4) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है छावनी पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर केम्प 01 निवासी एस अरविंद (28 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने साथी एन. सागर व नंद कुमार यादव उर्फ रिश्तेदार एन. सुमती के यहां गया था, जहां एस. महेश, अभी, पोलेश, बंगारू मिल गए। उनके साथ 25 दिसंबर की दोपहर करीब 4 बजे गुरूद्वारा के पास कैंप - 1 सुंदर नगर में विवाद हो गया था इसी बात को लेकर रात करीब 10 बजे नंद कुमार यादव उर्फ नंदू को पोलेश, अभी, बंगारू व उसके अन्य साथियों ने उसे पकड़ लिया और नुकाल नुकीले हथियार से जान से मारने के लिए उस पर हमला कर दिया। घटना को देखकर वह और एन. सागर बीच बचाव करने पहुंच गए।

# सीएम साय व केंद्रीय मंत्री शेखावत की उपस्थिति में 1 जनवरी 2026 को होगा भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 29 दिसंबर ।** नए साल के पहले दिन कबीरधाम जिले को बहुप्रतीक्षित भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर की सौगात मिलने जा रही है। 01 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत की विशेष उपस्थिति में इस वृहत पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन एवं जनआस्था के प्रमुख केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर से लेकर मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा एवं सरोदा जलाशय तक भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के व्यापक विकास के लिए 146 करोड़ की लागत से इस भव्य पर्यटन कॉरिडोर का विकास होने जा रहा है।कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर के भूमिपूजन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर आर बी देवांगन, एसडीएम बोड़ला श्री सागर सिंह राज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवक से मोबाइल छीन लिया

**भिलाई, 29 दिसंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के दिन दहाड़े सड़क पर पैदल चलते हुए मोबाइल पर बात कर रहे युवक से दो बाइक सवार आरोपी मोबाइल छीनकर फरार हो गये पीड़ित की रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है जामुल पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण सिंग (42 साल) गुरूद्वारा के पास हाउसिंग बोर्ड में रहता है ड्राइवरी का काम करता है गणेश मंच हाउसिंग बोर्ड से गुरूद्वारा की ओर पैदल अपने मोबाइल में बातचीत करते रोड किनारे से जा रहा था। तभी लक्ष्मण सिंग के पीछे तरफ से एक मोटर साइकिल में 02 युवक आये इसमें से पीछे बैठे युवक ने मोबाइल लक्ष्मण सिंग के हाथ से छीनकर मोटर साइकिल में भाग गये। प्रार्थी लक्ष्मण सिंग की रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है ।

# हनुमंत कथा के चौथे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, राष्ट्रवाद व सनातन एकता का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 29 दिसंबर।** हनुमंत कथा के चौथे दिन कथा स्थल पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म को सुरक्षित रखने और हिंदुओं को एकजुट रखने के लिए जाति-पाति से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद को मूल मंत्र बनाना होगा। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमान जी को भगवान शिव का रुद्रावतार बताते हुए कहा कि शंकर सुवन केसरी नंदन केवल एक चौपाई नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के संबंध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ऐसे अद्भुत भक्त हैं, जिनमें अतुलित बल होते हुए भी अहंकार नहीं था। बाल्यावस्था में सूर्य को निगलने वाले, सौ योजन समुद्र लांघने वाले और लंका दहन करने वाले महाबली हनुमान जी जीवन भर प्रभु श्रीराम के चरणों में विनम्र सेवक बनकर रहे, यही सच्ची भक्ति है। कथा के चौथे दिन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, सांसद संतोष पाण्डेय, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्णेंद्र सक्सेना, बिसरा राम यादव, भूपेंद्र सवन्नी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने कथा स्थल से लेकर जयंती स्टेडियम परिसर तक भक्ति का अनुपम दृश्य रच दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री केवल कथा वाचक नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सनातन परंपराओं और धर्मगुरुओं पर प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास करते हैं, किंतु ऐसे लोगों को जनता स्वयं उत्तर देगी। प्रदेश सरकार सदैव धर्म, संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा करने वाले संतों के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय, हनुमंत कथा संयोजक राकेश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता नंद कुमार साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद चंदूलाल साहू, आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, दीपक महस्के सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने वरिष्ठ आईपीएस प्रखर पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई, 29 दिसम्बर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दुर्ग प्रवास के दौरान सेक्टर-9 स्थित वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी स्वर्गीय प्रखर पाण्डेय के निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय प्रखर पाण्डेय एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं संवेदनशील अधिकारी थे, जिन्होंने अपने सेवा काल में प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से प्रशासनिक सेवा को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस दुखद घड़ी में शासन और समाज उनके परिवार के साथ खड़ा है।

# पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन की जयंती पर भाजपा नेताओं ने दी श्रध्दांजलि



**भिलाई, 29 दिसम्बर।** भिलाई नगर निगम के पूर्व महापौर एवं वैशाली नगर विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय विद्यारतन भसीन की जयंती के अवसर पर उनके निवास स्थान वैशाली नगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने स्वर्गीय भसीन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्वर्गीय विद्यारतन भसीन भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनके विचार, उनका त्याग और संगठन के प्रति समर्पण आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भसीन जी जीवन पर्यंत संगठन और समाज की सेवा में समर्पित रहे। सांसद बघेल ने स्मरण करते हुए बताया कि जब स्वर्गीय भसीन अस्वस्थ अवस्था में एम्स में भर्ती थे, तब भी वे अपने स्वास्थ्य से अधिक संगठन और समाज की चिंता करते रहे, जो उनके निस्वार्थ सेवा भाव को दर्शाता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय विद्यारतन भसीन की धर्मपत्नी एवं उनकी पुत्री श्रीमती दिव्या भसीन मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने स्वर्गीय विद्यारतन भसीन जी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में इंद्रजीत सिंह छोटू, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रमोद सिंह, स्वीटी कौशिक, अमित मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिकजन उपस्थित रहे।

# वैशाली नगर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में किए गए कई रचनात्मक कार्य



**भिलाई, 29 दिसंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 द्वारा ग्राम पिसेगांव, में 19 से 25 दिसंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभात फेरी, योग, स्वच्छता अभियान, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र, ग्राम संपर्क एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अल्का मेश्राम, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक जैनेंद्र कुमार दीवान, ग्राम सरपंच द्रौपदी देशमुख सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्कृत शिक्षक डॉ. अजय कुमार आर्य द्वारा वस्त्रदान अभियान में सक्रिय छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। दूसरे दिन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्वयंसेवक सत्येंद्र साहू एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त कौशल गजेंद्र ने एनएसएस के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। तृतीय दिवस पर अधिवक्ता अनामिका गुहा राय एवं शुभम सिंह राजपूत ने महिला अधिकारों व कानून संबंधी जानकारी दी। सांस्कृतिक संध्या में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सहभागिता करते हुए शिविर की सराहना की। समापन समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप एवं पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर.पी. अग्रवाल की उपस्थिति रही। इस अवसर पर 50 स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र, वरिष्ठ स्वयंसेवकों को सम्मान तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बैग प्रदान किए गए।

### आओ मन से पुरानी बातों को विदाई दें विषय पर विशेष प्रोजेक्ट का शुभारंभ




**भिलाई, 29 दिसंबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष के अंतिम रविवार को आओ मन से पुरानी बातों को विदाई दें विषय पर विशेष प्रोजेक्ट का शुभारंभ सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में किया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने प्रोजेक्ट की अवधारणा स्पष्ट करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में कारण शब्द को निवारण÷ में बदलना है। नए वर्ष में हमें दूसरों की कमियां देखने के बजाय उनकी अच्छाइयों को देखना सीखना होगा, क्योंकि प्रत्येक आत्मा परमात्मा की श्रेष्ठ रचना है। उन्होंने कहा कि संतुष्टता से दुआएं बढ़ती हैं और हमें भौतिक संपत्ति के बजाय पुण्य व शुभ भावनाओं का खाता बढ़ाना चाहिए। इसी क्रम में रिसाली स्थित मैत्री कुंज, प्रभु प्राप्ति भवन में प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नकारात्मक और व्यर्थ विचार मन-बुद्धि के लिए वायरस के समान हैं, जिनसे बचने के लिए श्रेष्ठ विचारों को अपनाना आवश्यक है।

# अनुशासन,संस्कार,सकारात्मक सोच जीवन की सच्ची पूंजी:हर्षित मेहर




**भिलाई, 29 दिसंबर।** जैन युवा संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर यूथ सम्मेलन का भव्य आयोजन नेहरू नगर में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना में सहभागिता की। शांतिधारा का सौभाग्य श्रीमती नेहा-रोमिल जैन एवं श्रीमती छाया-अशोक गोयल परिवार को प्राप्त हुआ। संचालन सीए क्षितिज जैन ने किया तथा पूजन विधानाचार्य अनेकांत जैन द्वारा सम्पन्न कराया गया। उत्कृष्ट प्रस्तुति, अनुशासन एवं वेशभूषा के आधार पर आचार्य विद्यासागर पाठशाला, रूआबांधा को सर्वश्रेष्ठ पाठशाला का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी हर्षित मेहर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जैन युवा संघ के अध्यक्ष सचिन जैन, सचिव निशांत जैन एवं कोषाध्यक्ष क्षितिज जैन ने उनका सम्मान किया। मुख्य अतिथि हर्षित मेहर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, संस्कार और सकारात्मक सोच ही जीवन की सच्ची पूंजी है। उन्होंने बच्चों को माता-पिता की सेवा करने एवं प्रतिदिन चरण स्पर्श करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सर्व जैन समाज ने बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया। प्रमुख रूप से नेहरू नगर अध्यक्ष मनीत जैन, अरविंद जैन, अशोक पहाड़िया, वैशाली नगर महामंत्री अरविंद जैन, सेक्टर-6 अध्यक्ष प्रशांत जैन, रिसाली अध्यक्ष दिनेश जैन, मंत्री कमलेश जैन, रूआबांधा अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, मंत्री राजीव जैन, प्रभात जैन, महावीर गंगवाल, आशीष पाटनी, संजीव जैन, सुषमा जैन, साधना जैन, शकुंतला जैन, रजनी जैन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। अध्यक्ष सचिन जैन व सचिव निशांत जैन के नेतृत्व में मनीष जैन, गौरव जैन, राहुल जैन, सौरभ जैन, निकुंज जैन, परेश जैन, ऋषभ जैन, संजीव जैन, आनंद जैन सहित पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### जिले में धान संग्रहण केंद्रों की तैयारी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**दुर्ग 29 दिसम्बर ।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 2,57,972 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। वर्तमान में जिले की 120 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है, जिनके माध्यम से डिलीवरी ऑर्डर के जरिए धान का उठाव किया जा रहा है।समितियों से उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण हेतु जिले में धान संग्रहण केंद्रों की कार्ययोजना तैयार की गई है। शासन की योजना के अनुसार दुर्ग जिले के धान संग्रहण केंद्रों में अन्य जिलों से उपार्जित धान का भी भंडारण किया जाएगा।इसी क्रम में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिले के सभी प्रमुख धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### गौ आश्रय केंद्र कोसा नगर गौधाम में सत्यनारायण महापूजा हुई



**भिलाई, 29 दिसंबर।** गौ आश्रय केंद्र कोसा नगर गौधाम, सुपेला में आयोजित सत्यनारायण महापूजा कार्यक्रम में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राजस्थान से पधारे गौसेवक भारत गोपाल महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौमाता को राज्य माता घोषित किए जाने हेतु जन जागरण करना रहा। भारत गोपाल महाराज ने भगवद्गीता की पावन प्रति भेंट कर इंद्रजीत सिंह छोटू का स्वागत किया तथा गो-सम्मान आव्हान अभियान की विस्तृत जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परशुराम देवांगन, कांतिलाल, आलोक चंद्राकर, मनीष गुप्ता, सुनील यादव, संजय तिवारी, नई उड़ान शहर स्तरीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती रेखा बघेल, कोषाध्यक्ष श्रीमती रम्भा साहू, सचिव श्रीमती उर्मिला सहित सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, निर्मल सिंह निम्मे, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, राम हिंदरिया, रिज्जू सिंह, पंकज शर्मा, सुनील यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौ सेवा एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है : सीएम साय

- बाल विवाह को रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारीः सीएम साय
- जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक

रायपुर, 29 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज फरसाबहार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से बाल विवाह मुक्त जशपुर अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका हो तो बिना



झिझक 1098 पर सूचना दें और इस सामाजिक बुराई के रोकथाम में सहभागी बनें।

इस अभियान रथ के माध्यम से नागरिकों को बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान, विवाह की वैधानिक न्यूनतम आयु तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच विकसित कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. एस. जात्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

रथ पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, ताकि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर नागरिक तत्काल इस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकें। सूचना प्राप्त होते ही बाल विवाह प्रतिषेध की संयुक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि 1098 हेल्पलाइन के माध्यम से बच्चों से जुड़ी अन्य समस्याओं का समाधान भी किया जाता है।

## समाचार संक्षेप

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर गीत व नाटक का किया मंचन





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

झीट, 29 दिसम्बर। चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा संस्कृति विभाग, शासन के सहयोग से 25 दिसंबर को ग्राम झीट, जिला दुर्ग में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऊपर गीत तथा नाटक का सफल मंचन किया गया. कार्यशाला में तैयार गीत एवं नाटक में राकेश तिवारी, मोहन साहू, नरेंद्र यादव, नीतीश यादव, हेमलाल पटेल, अर्जुन मानिकपुरी, मनीष लदेर, विशाल वर्मा, हर्ष यादव, महेश कौशिक, सुरेश यादव, ओंकार फ़रिकार, देवप्रकाश, काजल, कोयल, भूमिका, रूपेश, राधिका , नीलम गीता सहित तीस कलाकारों ने भाग लिया.सभी कलाकारों का सम्मान भी किया गया.पूरे कार्यक्रम में गीत भजन के अलावा शहिद वीर नारायण सिंह के नाटक को उपस्थित जन समुदायों ने काफी पसंद किया.कार्यक्रम का संचालन कोमल साहू द्वारा किया गया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर, 29 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में प्रख्यात जननायक कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक पुरन्दर मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहितऔर समाज-सेवा के लिए समर्पित रहा। वे सत्ता-प्राप्ति को उद्देश्य नहीं, बल्कि जनसेवा को राजनीति का परम लक्ष्य मानते थे।मूल्य-आधारित राजनीति, चरित्र, अनुशासन और कर्मठता उनके सार्वजनिक जीवन की पहचान रही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लोकतांत्रिक संस्कारों के प्रसार में उनकी भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। वे सरलता और आत्मीयता के माध्यम से लोगों के हृदय से जुड़ने वाले विरले नेता थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के साथ कुशाभाऊ ठाकरे का गहरा और आत्मीय संबंध रहा है। उनके जीवन से यह प्रेरणा मिलती है कि राजनीति का मूल उद्देश्य सेवा, राष्ट्रहित एवं समाज कल्याण ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे की पावन स्मृतियाँ हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें जनकल्याण के कार्यों में सदैव सक्रिय रहने की प्रेरणा देती रहेंगी।

### प्रोजेक्ट धड़कन : बच्चों की निःशुल्क हृदय जांच, 301 स्काउट-गाइडों की हुई स्क्रीनिंग

रायपुर, 29 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। लेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज रायपुर अर्बन की 3 टीम एवं धरसीवां की 1 टीम ने खारुन विहार रेलवे जोन में आयोजित स्काउट एंड गाइड के कैंप में पहुंचकर 301 बच्चों का स्क्रीनिंग किया जिसमें 175 लड़के एवं 126 लड़कियां शामिल थी ।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फूंका पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला

रायपुर, 29 दिसम्बर। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का आज प्रदेश भर में पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार अपमानित किया हैं, हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन सुनने और शिव-भक्ति के लिए गाँव-गाँव, गली-गली में सनातनी उमड़ पड़े हैं।

# बाबा गुरु घासीदास का संदेश देश-दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक : सीएम साय

## 166 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन




- पीएम आवास के 950 हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए घर की चाबी भेंट की
- सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार के लिए 40 करोड़ रुपये की घोषणा
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण तथा अटल परिसर का लोकार्पण

रायपुर, 29 दिसम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास का ÷मनखे-मनखे एक समान÷ का संदेश संपूर्ण मानव समाज, देश और दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक है, जो सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाता है। मुख्यमंत्री आज बेमेतरा जिले में आयोजित गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव एवं राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में नवागढ़ क्षेत्र के विकास के लिए 165 करोड़ 54 लाख रूपए की लागत वाले 44 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित लगभग 950 पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश के लिए हितग्राहियों को घर की चाबी भेंट की। उन्होंने बेमेतरा जिले में सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार के लिए 40 करोड़ रुपये, नवागढ़ की 10 ग्राम पंचायतों को सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपये की घोषणा की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बनाएं गए नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण तथा उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने नवागढ़ के जैतखाम में विधिवत श्वेत ध्वज चढ़ाया और वहां 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सतनाम मंदिर के निर्माण हेतु भूमिपूजन भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु घासीदास ने समाज में व्याप्त जाति-पाति, ऊँच-नीच, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया। उन्होंने सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हुए मानवता को एक सूत्र में बाँधने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके संदेशों के अनुरूप जनता के हित में अनेक क्रांतिकारी और जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में धान खरीदी, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना तथा आवासहीन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रदेश के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनकल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल एक महान नेता ही नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और समर्पण के प्रतीक थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि गिरौदपुरी में निर्मित दुनिया का सबसे ऊँचा जैतखाम आज वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन चुका है, जहाँ देश-विदेश से पर्यटक बाबा के जीवन दर्शन के लिए आते हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव एवं राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी में उन्होंने लाभार्थी हितग्राहियों को सामग्री एवं राशि का वितरण किया। कार्यक्रम में विधायक सर्वश्री दीपेश साहू, ईश्वर साहू, अनुज शर्मा, पुन्नूलाल मोहले सहित अनेक जन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने गजरथ यात्रा पुस्तक का किया विमोचन




रायपुर, 29 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निज निवास बगिया में गजरथ यात्रा-2025 पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में जशपुर जिले में हाथी विचरण क्षेत्रों एवं संवेदनशील इलाकों के वर्गीकरण, विद्यालय स्तर पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों, गज सूचना एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना, मानव-हाथी द्वंद प्रबंधन हेतु तकनीकी पहल एनीमल ट्रैकर ऐप प्रशिक्षण तथा जिलेभर में गजरथ यात्रा के विस्तार एवं उपलब्धियों का विस्तार से समावेश किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाथी-मानव द्वंद को कम करने और जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले 6 वनकर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें वनपाल उमेश पैंकरा, वनरक्षक दुर्गेश नंदन साय तथा आरआरटी से महत्तम राम सोनी, गणेश राम और रविशंकर पैंकरा, हाथी मित्र दल से फूल सिंह सिदार शामिल हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पुस्तक में समाहित जानकारियां आमजन को हाथियों के व्यवहार को समझने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने तथा आवश्यक सतर्कता उपायों को अपनाने में सहायक होंगी।

#### मोदी की गारंटी लागू करने प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में आंदोलन का शंखनाद

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन को पूर्ण समर्थन : शंकर साहू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला, 29 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के 29 से 31 दिसंबर तक सभी जिला मुख्यालय में होने वाले कलम बंद-काम बंद हड़ताल में स्वयं के हित में शामिल का अपील करते हुए शंकर साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन ने कहा है कि हम सभी का उद्देश्य एक ही है शिक्षक, कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, उनके भविष्य निर्माण और हित संवर्धन के लिए हक की लड़ाई। आज हमें एकजुट होकर निर्णायक आंदोलन की राह पर चलने का समय आ गया है। क्योंकि बिना एकजुटता के सफलता संभव नही है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, प्रदेश के सभी शासकीय सेवकों के संघों का समूह है, जिसमें सभी के मुख्य मांगो को रखा गया है ताकि हम अपनी चट्टानी एकजुटता से पूरे दमखम के साथ अपनी मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रख सके और सरकार इसे गंभीरता से नहीं लेती है तो आगे बड़ा आंदोलन खड़ा कर



सके। प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू ने आगे कहा फेडरेशन में मैं शिक्षक एलबी संवर्ग का प्रतिनिधित्व करता हूं। इसलिए हमारी कौन सी मांग इसमें जुड़ी है, इस पर बात करना जरूरी है। हमारी प्रमुख मांग ÷प्रथम नियुक्ति से सेवा का लाभ, वेतन विसंगति दूर करने, लंबित डी.ए. एरियर्स सहित, कैशलेश चिकित्सा, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, 300 दिवस अर्जित अवकाश÷ इनमें से कोई भी मांग पूरा होता है तो स्वाभाविक तौर पर उसका लाभ हम शिक्षकों मिलेगा। जहां हमारे वास्तविक हक और अधिकार की बात है वहां हमेशा सामने आकर हमने लड़ना सीखा और सिखाया है। आज वही समय हमारे सामने है। जरा सोचिए क्या आपका मांग इस आंदोलन में नहीं जुड़ा है? यदि जुड़ा है तो आप कैसे इससे अलग या दूर रह सकते हैं? क्या आपका जमीर इसकी इजाजत देगा? छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष- शंकर साहू, प्रदेश संरक्षक- रेखराज साहू, अनिल रामटेके, प्रदेश सचिव- अशोक कुमार तेता, प्रदेश कोषाध्यक्ष- तेजराम कामाड़िया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष- नरेंद्र लाल देवदास आदि ने शिक्षकों कर्मचारियों के व्यापक हित में एकजुट होकर इस आंदोलन में जरूर शामिल होने का अपील किया है , उपरोक्त जानकारी मीडिया में शंकर साहू (प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन) ने दिया है।

# जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह ने 10 लाख की लागत से बन रहे सांस्कृतिक मंच का किया भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला, 29 दिसम्बर। नम्रता सिंह के सहयोग एवं पहल से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सांस्कृतिक मंच का आज विधिवत भूमिपूजन शिव मंदिर, गोटाटोला रोड परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। सांस्कृतिक मंच के निर्माण से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित मंच उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम में नम्रता सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं तथा भूमिपूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे सरपंच गजेंद्र पुरामें, अनिल गुप्ता (भाजपा जिला महामंत्री), नारायण खंडेलवाल, रामस्वरूप खंडेलवाल, संजय जैन, संतोष पांडेय, राजीव तिवारी, भूपेंद्र गुप्ता, बृजभूषण चौबे,



अमित श्रीवास्तव (मंडल अध्यक्ष), देव प्रसाद नेताम, नूतन साहू, गोपाल कौशिक, जितेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र कुंभकार जी, सीमा तिवारी जी, हिरण बाई, पदमा कौशिक, मानबाती मेश्राम, बीरम कौशिक तथा सतरूपा रजक।

साथ ही बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी, महिलाएँ, युवा एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शिव मंदिर, परिसर में लंबे समय से एक स्थायी सांस्कृतिक मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, इस निर्माण कार्य से भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक उत्सव, सार्वजनिक बैठकें एवं विभिन्न सामुदायिक गतिविधियाँ अब अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से आयोजित हो सकेंगी। क्षेत्रवासियों ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के विकास, सामाजिक समरसता और जनहित के कार्यों के प्रति संवेदनशील एवं समर्पित नेतृत्व की आवश्यकता होती है और हमारे क्षेत्र में नम्रता सिंह जी जैसी नेत्री की वास्तव में जरूरत है। अपने उद्बोधन में नम्रता सिंह ने कहा यह सांस्कृतिक मंच केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक सहभागिता का प्रतीक है। जनता की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कराना हमारा संकल्प है।

#### मेट ट्री कैफे में आयोजित संकल्प की काव्य गोष्ठी में

# कवियों ने गीत, गजल, छंद सुनाकर किया श्रोताओं को मंत्रमुग्ध

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 29 दिसम्बर। विगत दिनों स्थानीय संकल्प साहित्य परिषद के कोषाध्यक्ष व सेवानिवृत अनुभाग अधिकारी विद्युत वितरण कंपनी रायपुर यशवंत कुमार-चमेली वर्मा के आदर्श नगर तुलसी स्थित नवनिर्मित मेट ट्री कैफे में काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आयोजक की पुत्री कु. युगांता वर्मा के कनिष्ठ यंत्री विद्युत वितरण कंपनी तथा पुत्र रोहित कुमार वर्मा के आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयनित होने के उपलक्ष मे आमंत्रित रिश्तेदारों ईष्ट मित्रों की उपस्थिति में भगवान सत्यनारायण की कथा - पूजा तथा स्वरुचि भोज संपन्न हुआ।

द्वितीय सत्र में आमंत्रित



कविगण त्रिभाषी रचनाकार व अध्यक्ष संकल्प साहित्य परिषद तिल्दा-नेवरा कृष्ण मुरारी वर्मा, मशहूर राष्ट्रीय समीक्षक व अध्यक्ष मधु कलश साहित्य परिषद कोसरंगी खरोरा जुगेश चंद्र दास, उत्कृष्ट प्रधान पाठक से सम्मानित चंद्रहास सेन कोसरंगी, प्रभारी प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग हरमन कुमार बघेल, राष्ट्रीय कवि व मानस प्रवक्ता डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा- केसदा, परिषद के सचिव, मौलिक गीतकार सेवानिवृत्त विद्युत अधिकारी टाप लाल वर्मा - कोनारी तुलसी , विभिन्न राष्ट्रीय साझा संकलनों के संपादक, मूर्तिकार, छंदकार अशोक धीवर जलक्षत्री -तुलसी नेवरा, सम सामयिक व नवोदित रचनाकार संतोष नायक सिनोधा, राजस्व निरीक्षक रायपुर सुश्री जागृति बघमार, नयी कविता के नवोदित रचनाकार लक्की शर्मा रायपुर, छत्तीसगढ़ी गीतों के नवोदित रचनाकार हरेन्द्र कुमार साहू - आरंग आदि ने अपनी गीत, गजल, छंद व समसामयिक विषयों पर रचना पाठकर काव्य रसिक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर खूब वाहवाहियाँ बटोरी। कार्यक्रम का संचालन अल्दा से पधारे छंदकार व राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक मोहन लाल वर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन और कवियों को अंगवस्त्र व श्रीफल भेंटकर सम्मान आयोजक यशवंत - चमेली वर्मा द्वारा किया गया।

आयोजक के नवनिर्मित मनोहारी व आकर्षक मेट ट्री कैफे में आयोजित उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के सचिव व शिक्षक शिव कुमार वर्मा तुलसी, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षक व पेंशनर अभिमन्यु वर्मा, विद्युत विभाग के विभिन्न अधिकारी - कर्मचारीगणों के अलावा ईष्ट मित्रों व परिवारजन की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को सफल व यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# नए साल की रात नशे में ड्राइविंग पर गाड़ी जब्त होगी और आयोजक भी होंगे जिम्मेदार

रायपुर, 29 दिसंबर। 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न को लेकर रायपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेगी। शहरभर में होने वाले कार्यक्रमों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस का साफकहना है कि नशे में वाहन चलाने वालों और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशे की हालत में कार या दुपहिया चलाते पाए जाने पर वाहन जब्त किया जाएगा। इस बार पुलिस ने केवल नशेड़ियों पर ही नहीं, बल्कि उन्हें शराब पिलाने वाले कार्यक्रम आयोजकों पर भी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। होटल, रेस्टोरेंट और फार्म हाउस संचालकों से बड़े आयोजनों की पूरी जानकारी मांगी गई है। बिना अनुमति किसी भी तरह के आयोजन की इजाजत नहीं होगी और बिना लाइसेंस शराब परोसने पर कार्रवाई तय है। यदि अनुमति लेकर शराब परोसी जाती है, तो आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी मेहमान नशे में सड़क पर वाहन न चलाए। ऐसे मेहमानों को सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए ड्राइवर या वाहन की व्यवस्था आयोजकों को ही करनी होगी। इधर, नए साल से पहले पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर भी शिकंजा कसना तेज कर दिया है। अमलीडीह क्षेत्र के वरण अपार्टमेंट में छापा मारकर एक नाबालिग बालिका समेत पांच आरोपियों को पकड़ा गया था। इसके बाद ड्रग्स तस्करी से जुड़े तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों का संबंध इवेंट मैनेजमेंट से भी बताया जा रहा है और इनका नेटवर्क नागपुर व बिहार तक फैला हुआ है। ड्रग डिलीवरी के मामले में नागपुर से रायपुर आए एक आरोपी की भी गिरफ्तारी की जा चुकी है।

## चर्चा का विषय बदलने का प्रयास है यह तो...

राजनीति में राजनीतिक दलों को जब लगता है कि किसी मुद्दे के चर्चा का केंद्र बनने से उसको राजनीतिक नुकसान हो सकता है तो वह क्या करते है,वह जिस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा होने की संभावना होती है,उस मुद्दे पर चर्चा ही न हो इसके लिए वह उस मुद्दे की जगह ऐसा दूसरा मुद्दा चर्चा के लिए ले आते हैं कि लोग ज्यादा चर्चित होने वाले मुद्दे की जगह कोई विवादास्पद मुद्दा उठा देते हैं ताकि राजनीतिक दलों ने नेताओं की बीच एक मुद्दे की जगह दूसरे मुद्दे का चर्चा होने लगे। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने यही किया है।छत्तीसगढ़ में हुए कम से कम २८०० और ज्यादा से ज्यादा ३५०० करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईडी ने अदालत में २९८०० पन्नों का परिवाद किया है और इसमें बताया गया है कि कैसे कांग्रेस सरकार के समय में सत्ता,सिस्टम व सिंडीकेट ने सुनियोजित तरीके से शराब घोटाला किया और इसका पैसा पार्टी फंड के अलावा किस किस को मिला है। साफ जाहिर की ईडी के शराब घोटाले पर परिवाद पेश करने के बाद इस पर प्रमुखता से चर्चा होती तो इसमें अफसरों,कांग्रेस नेताओं,नेताओं के समर्थकों के सिंडीकेट में शामिल लोगों की भी खूब चर्चा होती और इस बात की खुलकर चर्चा होती है कि जिस राजनीतिक दल ने जनता ने जनहित व राज्यहित के काम के लिए सत्ता सौंपी थी, उसने जनहित व राज्यहित का आड़ में २८०० करोड़ का शराब घोटाला कर कैसे जनता के भरोसे की हत्या की है। लोकतंत्र में संगठित रूप से भ्रष्टाचार करना अपराध तो है लेकिन उससे बड़ा अपराध जनता के भरोसे की हत्या करना है और यही बड़ा अपराध भूपेश बघेल की सरकार के समय योजना बनाकर किया गया है, भूपेश बघेल के लिए सबसे बुरी बात इस मामले में उनके बेटे की गिरफ्तारी है। यानी शराब घोटाले की चर्चा होगी तो भूपेश बघेल के बेटे ने क्या किया है, कैसे किया है, इस बात की भी खूब चर्चा होगी।यही भूपेश बघेल नहीं चाहते थे कि शराब घोटाले और उनके बेटे के नाम की राज्य में ईडी के परिवाद पेश करने से हो। ईडी के शराब घोटाले पर परिवाद पेश करने से किस किस को कितना पैसा मिला है, यह साफ हो जाने से इस बात की खूब चर्चा होती, यह चर्चा न हो इसलिए भूपेश बघेल ने पं.प्रदीप मिश्रा व पं. धीरेंद्र शास्त्री पर ऐसा बयान दिया कि उस पर ज्यादा चर्चा हो। धीरेंद्र शास्त्री ने तो उनके बार में पहले से कुछ कहा भी नहीं।भूपेश बघेल ने इस मामले में पहल की उन्होंने पहले यह कहा कि धीरेंद्र शास्त्री और प्रदीप मिश्रा लोगों को गुमराह कर रहे हैं,मुगलों के शासन में हिंदू ज्यादा सुरक्षित थे। हिंदू राष्ट्र का ढोंग रचाकर भाजपा तीन बार सत्ता मे आ गई। धीरेंद्र शास्त्री समझ रहे थे जब उनसे भूपेश बघेल के आरोपों के बारे में सवाल पूछा गया वह जवाब देंगे तो विवाद होगा। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा भी कि हम नेताओं के आरोपों का कोई जवाब नहीं देते। फिर भी हमें एक बात कहनी चाहिए कि हिंदू लोगों को जोडऩा हनुमान भक्ति हैं, राष्ट्रवाद के प्रति लोगों को जगाना जिनको अंधविश्वास लगता है उनको देश छोड़ देना चाहिए। इसके बाद फिर से भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए पं. धीरेंद्र शास्त्री के बार में कहा कि वह छत्तीसगढ़ में पैसा बटोरने आते हैं,वह बीजेपी के एजेंट के रूप में काम करते हैं।वे कोई धर्माचार्य नहीं है,वह हिंदू समाज व सनातन के धर्मगुरु नही है,वह कथावाचक हो सकते है, वह टोना टोटका करने वाले बाबा हो सकते हैं,वे किसी शास्त्र के मान्यताप्राप्त पीठ के पीठाधीश्वर नहीं है।भूपेश बघेल ने धीरेंद्रशास्त्री को चुनौती भी दी कि वह प्रदेश के मठमंदिरों में बैठे साधु महात्माओं के साथ शास्त्रार्थ करके दिखाएं। भूपेश बघेल जानते थे कि इस पर खूब विवाद होगा, भाजपा वाले भी इस मुद्दे पर खूब बोलेंगे इसलिए उन्होंने निरंतर धीरेंद्र शास्त्री के बारें मे खूब बोला। हुआ भी ऐसा ही। भाजपा वालों ने उसी मुद्दे पर खूब बोला जिस मुद्दे पर भूपेश बघेल चाहते थे कि खूब चर्चा हो। मीडिया में इस बात का भी खूब हल्ला किया गया कि धीरेंद्र शास्त्री राज्य सरकार के विमान से कैसे आए।टीएस सिंहदेव ने भी इस दौरान यह कहकर आग में घी डालने का काम किया कि कई धर्मगुरु वाकई लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। कुल मिलाकर विवाद पैदा करने के लिए धीरेंद्र शास्त्री के बार में बहुत कुछ ऐसा कहा गया जो कहा नहीं जाना चाहिए था। इस विवाद के चलते शराब घोटाले के परिवाद पर कोई चर्चा ही नहीं हुई यही भूपेश बघेल चाहते थे और ऐसा ही हुआ है। भूपेश बघेल ने तात्कालिक रूप से जो ठीक समझा वही किया लेकिन वह यह भूल गए कि इसका दीर्घकालिक रूप से उऩको राजनीतिक नुकसान होगा। वह अभी भले ही धीरेंद्र शास्त्री की आलोचना कर, हिंदू साधु संतों की आलोचना कर राहुलगांधी को खुश करें, शराब घोटाले पर चर्चा न होने दें लेकिन उनका याद रखना चाहिए कि बिहार चुनाव के पहले धीरेंद्र शास्त्री का लालू परिवार ने भी खूब इसी तरह विरोध किया था, उनके बारे में अनापशनाप कहा गया था, चुनाव का परिणाम लाालू परिवार के लिए कितना बुरा रहा यह आज लालू परिवार बखूबी जानता है। उसे पता नहीं है कि वह इतनी बुरी तरह चुनाव क्यों हारा लेकिन पीएम मोदी की तरह धीरेंद्र शास्त्री को बुरा कहने पर उनके प्रति आस्था रखने वाले लोग बुरा मानते हैं और ऐसे लोगों को वह माफ नहीं करते हैं जो धीरेंद्र शास्त्री को बुरा कहते हैं।

गंभीर मुद्दा

# यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

तनवीर जाफ़री

'क्रिसमस' प्रत्येक वर्ष की भांति गत 25 दिसंबर को भी पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुबई की मशहूर एयरलाइन एमिरेट्स ने एक अनोखा वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके बड़े विमान एयरबस ए 380 को सांता क्लॉज़ की जादुई स्लेज में बदल दिया गया है। इस विमान को "स्लेज 380" का नाम दिया गया है। इस वीडियो में ए380 को रुडॉल्फ़ रेनडियर की तरह लाल नाक और बड़े सींग लगाए गए हैं, और उपहारों से भरी एक विशाल स्लेज विमान से जुड़ी दिखती है। विमान रनवे पर दौड़ता है और आसमान में उड़ान भरता है, जैसे सांता दुनिया भर में गिफ़्ट बांटने जा रहा हो। एमिरेट्स ने इस सीज़न में यात्रियों को ख़ास तोहफ़े भी दिए, जिसमें फ़ेस्टिव ड्रिंक्स, थीम्ड मिठाइयां, विंटर-स्टाइल लाउंज और लिमिटेड एडिशन क्रिसमस गिफ़्ट शामिल हैं। वैसे भी चूँकि क्रिसमस मनाने के साथ ही नये वर्ष के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं इसलिये भी दुनिया के सभी देश व सभी धर्मों व वर्गों के लोग भी क्रिसमस मनाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं। भारत में भी लगभग 2.8 करोड़ ईसाई रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.3% है। ईसाई समुदाय भारत में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। लिहाज़ा यहाँ भी ईसाई समुदाय क्रिसमस, गुड ोाइडे व नव वर्ष जैसे अपने सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं। वैसे भी ब्रिटिशकाल में भारत में अंग्रेज़ों ने जहां विकास सम्बन्धी तमाम इबारतें लिखीं वहीँ उनके शासन में देश भर में अनेक बड़े व ऐतिहासिक चर्च ,स्कूल व अस्पताल भी निर्मित किये गये। आज भी क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफ़रत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाये जाने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि 'सर्व धर्म समभाव ' जैसे गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने वाला देश का आम नागरिक सभी धर्मों के त्योहारों व परंपराओं व रीति रिवाजों में ख़ुशी से शरीक होकर प्रत्येक उत्सव का आनंद लेना चाहता है साथ ही एक दूसरे धर्म के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहता है। नफ़रत,नकारात्मकता,संकीर्णता व साम्प्रदायिक वैमनस्य की सोच से भरे इन्हीं तत्वों ने गत क्रिसमस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न चर्चों व सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा तांडव किया जिसकी चर्चा देश के मीडिया में कम परन्तु विदेशी मीडिया में ज़्यादा हुई। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों में ईसाई समुदाय के विरुद्ध हुई घटनाओं में




तोड़फोड़, हमले और उत्पात की कई रिपोर्ट्स सामने आईं। उदाहरण स्वरूप छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मैग्नेटो मॉल में भीड़ ने क्रिसमस डेकोरेशंस में तोड़फोड़ की, जिसमें लाखों का नुक़्सान हुआ। जबकि कांकेर ज़िले में दो चर्च जला दिये गए और कई ईसाई घरों को निशाना बनाया गया। इसी तरह असम के नालबाड़ी में सेंट मैरी स्कूल में वी एच पी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस बैनर्स और डेकोरेशंस को जलाया व स्कूल के पास की दुकानों पर भी हमले किये । इसी तरह केरल के पलक्कड़,चारूमूडू व पुडुसेरी में बच्चों के कैरोल ग्रुप पर हथियारों से हमला किया गया जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी तरह मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी कुछ इलाक़ों में ईसाई धर्मावलंबियों की प्रार्थना सभाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मारपीट और हंगामा किए जाने की ख़बर है जबकि झाबुआ में प्रेयर मीटिंग में व्यवधान डाला गया जिसमें एक नेत्रहीन महिला पर हमला किया गया । उत्तर प्रदेश में सेंट अल्फोंसस कैथेड्रल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर पर बजाया गया,लखनऊ में कैथेड्रल सर्विस में तेज़ आवाज़ से धार्मिक भजन बजाए गये । इसी प्रकार राजस्थान के जोधपुर और नागौर में एक स्कूल में क्रिसमस बैनर्स तोड़े गए,नागौर में युवाओं ने स्कूल के सामने मंदिर का होने का बहाना बनाकर तोड़फोड़ की। दिल्ली के लाजपत नगर व पूर्वी दिल्ली में सेंटा कैप पहनी महिलाओं और बच्चों को बाज़ार से भगाया गया एक बाज़ार में ज़बरदस्त उत्पात मचाया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक होटल में क्रिसमस संबंधी एक आयोजन को रद्द करना पड़ा। जबकि ऋषिकेश में एक प्रार्थना सभा में व्यवधान डाला गया और जीसस और मैरी का अपमान करते हुये उन्हें अपशब्द कहे गए। ओडिशा के पुरी में सेंटा कैप बेचने वाले ग़रीब परिवार को धमकाया और भगाया गया जबकि महाराष्ट्र में मुंबई के काशीमीरा में क्रिसमस प्रोग्राम रोका गया तथा वहां मौजूद बच्चों से हिन्दू धर्म से जुड़े नारे लगवाए गये। देश भर में इस तरह कि 60 से भी अधिक घटनाओं के समाचार हैं और इन प्रत्येक घटनाओं का विरोध करने वालों में लगभग हर जगह संघ,बजरंग दल, वी एच पी,भाजपा व इनके सहयोगी अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के लोगों के शामिल होने की ख़बरें हैं। ब्रिटेन से लेकर टर्की तक और कई अरब देशों का मीडिया भारत में क्रिसमस के अवसर पर मचाये गये तांडव को लेकर भारत को किस नज़र से देख रहा है ?

बड़ा आश्चर्य है कि इस अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुँचते हैं और इससे जुड़ी कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा करते हुये लिखते हैं कि "दिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ़ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की सर्विस में शामिल हुआ। सर्विस में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका। क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाए। " सवाल यह है कि नरेंद्र मोदी भी संघ की उसी पाठशाला के 'विद्यार्थी' रहे हैं जिसमें संघ संस्थापक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर कम्युनिस्ट विचारधारा,ईसाई और मुसलमान जैसे समुदाय को भारत की राष्ट्रीय पहचान और हिंदू संस्कृति के लिए ख़तरा समझते थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचकर शांति व प्रेम का सन्देश देना कितना वास्तविक है और कितना औपचारिक या दिखावा ? और यदि वास्तव में मोदी को क्रिसमस के अवसर पर करुणा का शाश्वत संदेश झलकते दिखाई दिया तो उसी विचारधारा के लोगों द्वारा हिंसा और उद्दंडता का ऐसा साम्प्रदायिक प्रदर्शन क्यों जिससे दुनिया में देश की बदनामी हो ? दरअसल यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

## सू- दोकू क्र.273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.272का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -273

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 272 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## राशिफल

मेष राशि वालों के लिए आज का दिन मेहनत से भरा हुआ होगा. ऐसे में आपको आज ज्यादा भागदौड़ करनी होगी. सफलता पाने के लिए आपको अपने अंदर कुछ छोटे-मोटे बदलाव लाना होगा. आपको आलस्य से बचना होगा. जो लोग नौकरी करते हैं आज के उनको इसमें कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है. सहकर्मियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर चलना होगा.

वृषभ राशि वालों को आज के दिन कुछ परेशानियों का सामना करना होगा. आपका धन अधिक खर्च हो सकता है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पर इसका नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा. लेकिन कुछ कामों आपको जल्दी और अच्छी सफलता भी मिल सकती है. भाग्य का पूरा साथ आपको मिलेगा. पूर्व में किए गए निवेश का फायदा आपको मिलेगा. वहीं जो लोग किसी तरह के बिजनेस आदि करते हैं उनको उसमें अच्छा मुनाफा मिल सकता है.

मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. पिछले कई दिनों से जो काम आपके नहीं हो पा रहे थे वह आज पूरे होंगे. आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी और कार्यक्षेत्र में आपको पहले के मुकाबले बेहतर परिणाम की प्राप्ति होगी. कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर की प्राप्ति होगा. नौकरी में आज के दिन आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है बॉस की तरफ से आपका काम पूरा हो सकता है.

कर्क राशि वालों के लिए आज अचानक से खर्चों में इजाफा हो सकता है. ऐसे में आपको अपनी योजना में बदलाव लाना होगा. जो लोग किसी तरह का व्यापार आदि किसी साझेदार से मिलकर करना चाह रहे हैं उनको आज धोखा मिल सकता है. घर-परिवार में आज के दिन बाकी सदस्यों का आपको भरपूर साथ मिलेगा. जीवन साथी संग किसी मामले में बातचीत हो सकती है.

सिंह राशि वालों के लिए रविवार का दिन शुभ और लाभकारी साबित होगा. आज कामकाज में प्रगति और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. कार्यक्षेत्र में आज के दिन आपको बेहतर तालमेल बनाकर चलना होगा और सहकर्मियों संग संवाद स्थापित करते हुए काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा. आपको अपनी वाणी और क्रोध को संयमित रखना होगा. घर-परिवार के मामले में आज किसी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

कन्या राशि वालों को आज के दिन कई मामलों में अच्छे फल की प्राप्ति के योग बन रहे हैं. करियर-कारोबार के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा. जो लोग नौकरी में बदलाव के बारे में सोच रहे हैं उनको आज कोई अच्छा मौका मिल सकता है. नौकरी में बदलाव के प्रयास सफल होंगे. भाग्य का साथ नौकरी के साथ-साथ बिजनेस के कामों में मिलेगा. आपको आज पूर्व में किए गए गए किसी निवेश से अच्छा लाभ हो सकता है.

तुला राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ और कामयाबी से भरा हुआ होगा. भाग्य का अच्छा साथ मिलने से कमाई और उन्नति के अवसरों में वृद्धि होगी. बिजनेस करने वाले लोगों को कमाई के बेहतरीन अवसर मिलेंगे. आपके लिए आज का दिन कुछ आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के अवसर देगा. आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर रहेगी.

वृश्चिक राशि वालों को आज घर और बाहर संतुलन बनाकर चलना होगा. आज के दिन कुछ नई जिम्मेदारी आपके कंधों में आ सकती है. आर्थिक मामलों में आापको संभलकर चलना होगा और सुख-साधनों में आज के दिन वृद्धि होगी. जो लोग प्रॉपर्टी के काम धंधे से जुड़े हुए हैं आज उनको कोई अच्छी डील हासिल हो सकती है. आज अचानक से आपको धन की प्राप्ति होगी और अधूरे काम पूरे होंगे.

धनु राशि वालों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा. कुछ मामलों में आपको भाग्य का साथ मिलेगा तो कुछ में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. दिन काफी व्यस्तता से भरा हुआ होगा. आज के दिन आपको कार्यक्षेत्र में बेहतर अवसर की प्राप्ति हो सकती है. आपको आज के दिन सरकारी योजना का अच्छा लाभ मिलेगा.

मकर राशि वालों को आज के दिन लापरवाही करने से बचना होगा. कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से बेहतर तालमेल के साथ काम करना होगा. आज के दिन आपके ऊपर आलस्य और लापरवाही हावी हो सकता है. ऐसे में किसी काम को करते समय बहुत ही ध्यान से काम करना होगा. आज आप किसी से न धन लें और न ही उधार धन दें. आपको किसी दूसरे की बातों में निवेश संबंधी फैसला लेने से बचना होगा.

कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. जोश, उत्साह और आत्मविश्वस से दिन भरपूर रहेगा. आपकी आज के दिन भौतिक सुख-सुविधाओं की चाहत पूरी होगी. कोई बड़ी इच्छा पूरी होने का दिन आज है. नौकरीपेशा जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा. कुंभ राशि वालों आज के दिन किसी भी तरह का निवेश संबंधी फैसला लेना अच्छा रहेगा जिससे आपको भाग्य का बेहतर साथ मिलेगा.

मीन राशि वालों को आज के दिन उनको मेहनत का अच्छा फल मिलेगा. कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहेगा. आज के दिन आपको अपनी मेहनत और लगनशीलता का लाभ आपको मिलेगा. आज जो काम काफी समय से अटका हुआ था वह आज दोस्तों की मदद से पूरा होगा. आज के दिन किसी कानूनी मामलों में आपको थोड़ा संयम बरतना होगा नहीं तो इसका नुकसान आपको हो सकता है. नौकरी में आज आज आपके ऊपर काम का दबाव ज्यादा रहेगा जिससे आप परेशान हो सकते हैं. वहीं जो लोग अपना किसी तरह का व्यापार आदि करते हैं उनके लिए दिन सामान्य रहेगा.

फैसला

# आस्था बनाम साँसें: कबूतर, कानून और हमारी सामूहिक गैर-जिम्मेदारी

डॉ. सत्यवान सौरभ





भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहाँ मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज़ से ज़्यादा तेज़ कभी-कभी साँसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला—जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 का जुर्माना लगाया गया—इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना "पुण्य" माना जाता है। सुबह-सुबह बालकनी, छत या पार्क में मुट्ठी भर दाना डालकर आत्मसंतोष पा लिया जाता है—मानो किसी बड़ी मानवता की सेवा हो गई हो। लेकिन सवाल यह है कि क्या बिना परिणाम समझे किया गया कर्म सच में दया कहलाता है? चिकित्सा विज्ञान लगातार चेतावनी देता रहा है कि कबूतरों की सूखी बीट हवा में घुलकर क्रिप्टोकोकोसिस, हिस्टोप्लास्मोसिस, हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस और साल्मोनेला जैसी जानलेवा बीमारियाँ फैला सकती है। ये बीमारियाँ कोई काल्पनिक डर नहीं हैं, बल्कि अस्पतालों में भर्ती असली मरीज़ों की सच्ची कहानियाँ हैं। दमा, फेफड़ों के रोगी, बुजुर्ग और बच्चे—सबसे पहले इन्हीं की साँसें दांव पर लगती हैं। मुंबई की अदालत ने इस मामले को केवल नगर निगम के आदेश के उल्लंघन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य के लिए खतरा माना। IPC की धाराओं के तहत सज़ा यह संकेत देती है कि अब राज्य सिर्फ बीमारियों का इलाज नहीं करना चाहता, बल्कि बीमारी पैदा करने वाली सामाजिक आदतों को भी रोकना चाहता है। यह देश में पहली बार हुआ है कि कबूतरों को दाना डालने जैसे सामाजिक रूप से स्वीकृत कृत्य को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। यह फैसला बताता है कि कानून अब भावनाओं से नहीं, उनके प्रभावों से संवाद करेगा। इस पूरे विवाद में सबसे असहज सवाल धर्म और परंपरा से जुड़ा है। कुछ लोग इसे आस्था पर हमला बता रहे हैं, लेकिन क्या धर्म कभी बीमारी फैलाने की अनुमति देता है? क्या किसी भी धार्मिक ग्रंथ में यह लिखा है कि पुण्य कमाने के लिए दूसरों की जान जोखिम में डाल दी जाए? खुद सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियाँ साफ़ कह चुकी हैं कि कबूतरों को दाना खिलाना कोई धार्मिक अनिवार्यता नहीं है, फिर भी विरोध जारी है। दरअसल यह विरोध आस्था का नहीं, ज़िद का है—अपनी आदतें न बदलने की ज़िद।

शहर अब गाँव नहीं रहे। घनी आबादी, ऊँची इमारतें, सीमित हवा और साझा स्थानों के बीच एक छोटी सी लापरवाही बड़े संकट में बदल जाती है। बालकनी में डाला गया दाना सिर्फ कबूतरों को नहीं बुलाता, बल्कि उनके साथ बीमारी, गंदगी और संक्रमण की पूरी श्रृंखला भी खड़ी कर देता है। विडंबना यह है कि वही लोग जो मास्क, वैक्सीन और वैज्ञानिक चेतावनियों पर सवाल उठाते हैं, वे पुण्य के नाम पर शहरों को जैविक कचरे का अड्डा बना देते हैं।

इस बहस में यह स्पष्ट कर देना ज़रूरी है कि कबूतर दोषी नहीं हैं। वे तो अपने स्वभाव के अनुसार जी रहे हैं। दोषी हम हैं—हमारी अवैज्ञानिक भावुकता, हमारी सुविधा की आस्था और हमारी सामूहिक गैर-जिम्मेदारी। अगर सच में दया करनी है तो नियंत्रित, सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीकों से कीजिए—पशु कल्याण संगठनों के माध्यम से, खुले सार्वजनिक स्थलों पर नहीं।

मुंबई अदालत का यह फैसला हमें साफ़ संदेश देता है कि आस्था निजी हो सकती है, लेकिन उसका असर सार्वजनिक जीवन को बीमार नहीं कर सकता। दया का मतलब नुकसान पहुँचाना नहीं होता और कानून अब इस फर्क को समझने लगा है। यह फैसला सिर्फ एक शहर या एक मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी है कि अगर हमने समय रहते अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो आने वाले समय में "आस्था" भी अदालत के कटघरे में खड़ी होगी। आज ज़रूरत इस बात की है कि हम पुण्य को नए सिरे से परिभाषित करें। वह कर्म पुण्य नहीं हो सकता जो किसी बच्चे की साँस छीन ले। वह आस्था पवित्र नहीं हो सकती जो अस्पतालों की कतारें बढ़ा दे। मुंबई अदालत का यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि बेहिसाब भावुकता के खिलाफ है। यह याद दिलाने के लिए कि इंसान होने की पहली शर्त है—दूसरे इंसान की ज़िंदगी का ख़याल। अगर आस्था सच में सच्ची है, तो उसे विज्ञान से डर नहीं लगेगा।

# वार्ड-18 पटवारी पारा में पेयजल समस्या का हुआ समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मुख्य बिंदु-**
- वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान
- बोर में मोटर स्थापना कर हर घर नल कनेक्शन
- महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को मिली बड़ी राहत
- नगर पालिका अध्यक्ष का वादा हुआ पूरा
- वार्ड वासियों ने जताया आभार, खुशी का माहौल

**किरन्दुल (औद्योगिक नगर),29 दिसंबर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में जनहित और जनकल्याण के कार्य लगातार गति पकड़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 18 के पटवारी पारा में वर्षों से चली आ रही गंभीर पेयजल समस्या का आखिरकार स्थायी समाधान कर दिया गया है। अब क्षेत्र के प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

विगत शनिवार को पटवारी पारा में पानी सप्लाई का विधिवत शुभारंभ किया गया। अब तक ग्रामीणों को पीने और दैनिक उपयोग के पानी के लिए लगभग आधा किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिससे विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।वार्ड जनों की लंबे समय से चली आ रही मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेंद्र सिंह ने हर घर तक नल से पानी पहुंचाने का जो संकल्प लिया था, उसे धरातल पर उतारा। बोर में मोटर स्थापित कर प्रत्येक घर में नल कनेक्शन प्रदान किए गए, जिससे क्षेत्र का जल संकट पूरी तरह समाप्त हो गया। वार्ड नागरिकों में उत्साह, विकास कार्य की सराहना,पेयजल आपूर्ति शुरू होते ही पटवारी पारा में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने इसे अपने जीवन की बड़ी सुविधा बताते हुए नगर पालिका प्रशासन और अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।वार्ड पार्षद अनिल मरकाम ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और सराहनीय कदम है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। 2025 में जनहित के कार्यों की मिसाल उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक जनहितकारी और जनकल्याणकारी कार्य किए गए हैं। जनता के प्रति उनकी निस्वार्थ, निष्पक्ष और समर्पित सेवा भावना की सराहना जिले भर में हो रही है।कार्यक्रम में नगर पालिका इंजीनियर तीरथ राम सिंह, पार्षद के. सजी, राजकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या में वार्ड जन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान कर नगर पालिका ने उन्हें बड़ी राहत और सम्मानजनक जीवन की सुविधा प्रदान की है।



## योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में नगरनार ब्लॉक के विभिन्न मंडलों में किया धरना-प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 29 दिसंबर।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में देश के प्रतिष्ठित जनकल्याणकारी योजना मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में नगरनार ब्लॉक के मड़पाल मंडल,कुम्हली,मंडल कस्तूरी, आड़ावाल मंडल के गरावन्डकला मंडल व घाटपदमुर मंडल के तीतरगांव में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा केंद्र और राज्य सरकार ने मिलीभगत से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम और नियम बदलकर लोगों के अधिकारों तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और पूरा देश इस नाम और नियम परिवर्तन का विरोध करेगा।पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। उन्होंने मौजूदा सरकार पर उनके नाम के साथ खिलवाड़ करने और मनरेगा का नाम वी बी राम जी मनरेगा रखने का आरोप लगाया।यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि महात्मा गांधी का अपमान है, जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा।

नगरनार कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ने कहा है कि मनरेगा योजना से गांधी जी का नाम हटाना उनकी विचारधारा एवं राष्ट्रपिता के सम्मान पर सीधा हमला है, और यह केंद्र सरकार की ओछी राजनीति का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है केंद्र सरकार ने इस योजना का नाम बदलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम का अपमान तो किया ही है, साथ में इसे कमजोर भी कर दिया है। कांग्रेस पार्टी गरीब व असहाय लोगों के अधिकारों के लड़ाई से कभी पीछे नही हटेगी।इस दौरान बलराम कोकडू,विजय बिसाई किसान कांग्रेस दयाराम कश्यप, लेखन बघेल,प्रणय सील,भोजराज नाग,लक्ष्मण सेठिया,राजेन्द्र बघेल,संजय नाग ,विजय सिहं,सुकदेव बाकडा,युवा कांग्रेस प्रभु दास नाग,लक्ष्मी नारायण,साइबो बघेल, शिवो, धनुर्जय, शंकर सोहनलाल नायक, रामचंद कश्यप कमल चंद नाग,हरी, धरमदास नाग,तिलक यादव,देवीसिंह बाज, कमल बघेल , दुलबो, खगपति,सोमारी, तुलाबति सोनधर, त्रिनाथ रेड्डी ज्योतिराम, संतोष पटेल शंकर कश्यप ,नागेश पटनायक, विकाश राव ,शंकरलाल गुप्ता, अंगेना राव वेंकट राव रमेश पात्रो, बालक गोयल, लक्मन नाग,महादेव,कश्यप, जगरनाथ, प्यारे बघेल,सोनधर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुक्तिधाम की भूमि पर अतिक्रमण का आड़ावाल सरपंच सहित ग्रामवासियों ने किया विरोध



**जगदलपुर, 29 दिसंबर।** शहर के निकट गोरिया बहार पुल के नीचे आड़ावाल ग्राम पंचायत के अधीन गोरिया बहार पुल के नीचे बरसों से ग्राम पंचायत आड़ावाल कचोरापारा, कुम्हारपारा एवं आस-पास के ग्रामीण के द्वारा उक्त भूमि का उपयोग मुक्तिधाम के रूप में वर्षो से करते आ रहे हैं । इस जमीन से लग कर राजेन्द्र मुदलियार की कृषि भूमि है । सरपंच सहित ग्राम वासियों का कहना है कि शासकीय भूमि को उक्त व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है । सरहद को हटाकर मरघट की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई । आड़ावाल ग्राम पंचायत की सरपंच जयंती कश्यप ने बताया की मुक्तिधाम की भूमि लगभग एक एकड़ बतीस डिसमिल शासकीय भूमि है, राजेन्द्र मुदलियार मुक्तिधाम की भूमि पर कब्जा कर रहा है । उन्होने बताया कि विधिवत सीमांकन के पश्चात उन्होंने फेंसिंग बाढ़ लगाया था, जिसे उक्त भू स्वामी द्वारा हटाकर अतिक्रमण किया जा रहा है । जिसका विरोध ग्रामवासी सरपंच पूर्व सरपंच पंच सहित ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है ।जयंती कश्यप ने मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से इस मामले पर हस्तक्षेप कर मामला निपटारा का निवेदन किया है ।

### बालमित्र जिला बनाने शालात्यागी मुक्त पंचायत प्रतियोगिता 25-26 का आयोजन किया जा रहा

**दंतेवाड़ा, 29 दिसंबर।** जिले को बालमित्र (चाइल्ड फ्रेंडली) जिला बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल की शुरुआत की गई है। बालमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ÷शाला-त्यागी मुक्त पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले के हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और गाँव-गाँव में बाल-अनुकूल वातावरण का निर्माण करना है। प्रतियोगिता के माध्यम से जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत को यह जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# नए साल से पहले मां दंतेश्वरी मंदिर में लगी भक्तों की भीड़, धर्मशालाएं पूरी तरह भरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 29 दिसंबर।** नए साल का स्वागत हर कोई अपने तरीके से करने की तैयारियों में जुटा है। बस्तर के ज्यादातर लोग नए साल के आने से पहले बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी के दरबार में माथा टेकने पहुंचते हैं। इस साल भी बड़ी संख्या में भक्त बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शनों के लिए दंतेवाड़ा पहुंचने लगे हैं।मंदिर के पुजारी बताते हैं कि प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में भक्त आ रहे हैं। भक्त आने वाले साल में सुख, समृद्धि की कामना लेकर मां की पूजा अर्चना कर रहे हैं। स्थानीय भक्तों के अलावा दूसरे राज्यों से भी भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। मंदिर में दर्शन के लिए आए भक्तों का कहना है कि नगरीय प्रशासन की ओर से जो व्यवस्थाएं यहां की गई हैं वो कम हैं। सर्दी के दिनों में भक्तों के ठहरने का यहां कोई खास इंतजाम नहीं है, जो धर्मशालाएं बनी हैं उनमें व्यवस्थाओं की भारी कमी है। जिला प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से रैन बसेरा और धर्मशालाओं की व्यवस्था जरूर की गई है, लेकिन नए साल को देखते हुए अचानक बढ़ी भीड़ के सामने ये व्यवस्थाएं बेहद कम पड़ गई हैं। मंदिर क्षेत्र की सभी धर्मशालाएं पूरी तरह भर चुकी हैं, वहीं रैन बसेरों में भी सीमित स्थान होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को जगह नहीं मिल पा रही।

### छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था से बदली खेती की तस्वीर-किसान पुरानिक लाल कुंजाम

**मोहला 29 दिसंबर ।** राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए संचालित की जा रही धान खरीदी व्यवस्था आज ज़मीनी स्तर पर सफल होती दिखाई दे रही है। इसकी मिसाल हैं किसान श्री पुरानिक लाल कुंजाम। किसान श्री पुरानिक लाल कुंजाम, विकास खंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम आमाटोला के निवासी हैं। उनके पास कुल 16 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर वे वर्षों से मेहनतपूर्वक खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। इस वर्ष उन्होंने अपने धान का विक्रय धान उपार्जन केंद्र आमाटोला में किया।राज्य सरकार द्वारा लागू की गई टोकन प्रणाली के अंतर्गत किसान अपनी सुविधा के अनुसार तारीख चुनकर टोकन कटवा सकते हैं। इसी व्यवस्था का लाभ उठाते हुए कुंजाम ने समय पर टोकन कटवाया ।

# स्लरी पाइप लाइन निर्माण के गड्ढे में गिरने से एक बालक की हुई मौत पर प्रशासनिक कार्रवाई जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 दिसंबर ।** जिले के तहसीलदार गीदम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम हाउरनार में स्लरी पाइप लाइन निर्माण कार्य के दौरान दिनांक 28 जुलाई 2025 को निर्मित गड्ढे में गिरने से एक बालक की आकस्मिक एवं दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की घटना घटित हुई थी। उक्त प्रकरण वर्तमान में न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व), गीदम में विचाराधीन है। घटना पर जिला प्रशासन द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) के खंड-6, क्रमांक-4 के प्रावधानों के अंतर्गत पीड़ित परिवार को रुपये चार लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत कर आरटीजीएस के माध्यम से विधिवत प्रदान की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त संबंधित कंपनी एनएमडीसी एलएंडटी द्वारा पीड़ित परिवार को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से दी गई है।गीदम तहसीलदार किशन मिश्रा, एनएमडीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अनिमेश झा एवं एलएंडटी कंपनी के अधिकारी विनय सिंह द्वारा पीड़िता के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की गई। इस दौरान स्थायी नौकरी एवं बच्चों के पालन-पोषण से संबंधित मांगों पर चर्चा की गई। पीड़िता द्वारा अवगत कराया गया कि उनके परिजन बचेली में निवासरत हैं, जो सोमवार को पहुंचकर जिला प्रशासन, एनएमडीसी एवं स्लरी परियोजना के अधिकारियों के साथ संयुक्त चर्चा करेंगे। कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर, एनएमडीसी के अधिकारी, पीड़ित पक्ष एवं उनके परिजनों के साथ बैठक निर्धारित की गई है, जिसकी जानकारी पीड़िता को दे दी गई है। एनएमडीसी के अधिकारियों द्वारा संविदा अथवा अस्थायी नौकरी प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की गई है।

## एनएसएस के शिविर में स्वच्छता,नशामुक्ति पर दिया जोर

**जगदलपुर, 29 दिसंबर ।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सेजेस) बकावंड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम कोलावल के राताखंडी पारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चले इस शिविर की थीम ÷स्वच्छता एवं नशा मुक्ति भारत÷ रखी गई थी, जिसके तहत स्वयं सेवकों ने ग्राम विकास और सामाजिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत कोलावल की सरपंच श्रीमती पद्मिनी कश्यप और दुर्जन सिंह कश्यप की अध्यक्षता में हुआ । विद्यालय के प्राचार्य हेमंत देवांगन और कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत देशमुख के कुशल नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पूरे सप्ताह अनुशासित रहकर विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया।सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को लेकर व्यापक अभियान चलाया। उन्होंने बाजार स्थलों, घरों और आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की, साथ ही ग्रामीणों को कचरा निपटान, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और गोबर को व्यवस्थित करने के प्रति जागरूक किया। जल संरक्षण के महत्व को भी ग्रामीणों को समझाया गया। नशा मुक्ति अभियान के तहत, छात्रों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रदर्शित किया, जिसकी ग्रामीणों ने खूब सराहना की। इसके अलावा, बाल विवाह रोकने और शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिए घर-घर जाकर पालकों से संपर्क भी किया गया।

## समाचार संक्षेप

### एएमएनएस ने दिया किरंदुल बेनिफिसिएशन प्लांट में क्षमता विस्तार को लेकर स्पष्टीकरण

**किरंदुल,29 दिसंबर (तछसं.)।** दंतेवाड़ा किरंदुल क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को लेकर हाल ही में प्रकाशित समाचारों एवं सार्वजनिक चर्चाओं के संदर्भ में, एएम/एनएस किसी भी प्रकार की भ्रांति को स्पष्ट करने हेतु निम्न तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखना चाहता है।प्रस्तावित गतिविधि पूरी तरह से किरंदुल में वर्तमान में संचालित बेनिफिसिएशन प्लांट (बीपी) की क्षमता विस्तार से संबंधित है, जिसके अंतर्गत उत्पादन क्षमता को वर्तमान 8 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर 12 एमटीपीए किए जाने का प्रस्ताव है। यह क्षमता विस्तार संगठन के वर्तमान पेलेट प्लांट संचालन (विशाखापत्तनम) को समर्थन देने के उद्देश्य से प्रस्तावित है।एएम/एनएस यह भी स्पष्ट करता है कि इस प्रस्तावित क्षमता विस्तार के लिए किसी भी प्रकार की अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं है। इससे संबंधित सभी गतिविधियां, प्रतिष्ठापन एवं अवसंरचनात्मक विकास कार्य पूरी तरह से मौजूदा संयंत्र परिसर के भीतर ही किए जाएंगे। एएम/एनएस पारदर्शिता बनाए रखने तथा सभी लागू वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कुसमा पोस्टमास्टर बानोथ रविंदर को स्थानांतरण पर दी गई विदाई



**कोंडागांव,29 दिसंबर।** पोस्ट ऑफिस कुसमा के पोस्टमास्टर श्री बानोथ रविंदर का स्थानांतरण उनके गृह राज्य तेलंगाना होने पर डाकघर के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार को उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस मौके पर उपसंभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा ने कहा रविंदर का डाकघर के प्रति समर्पित भाव से कार्य एवं डाकघर कर्मचारियों, ग्रामवासियों के प्रति व्यवहार बेहद खास रहा आपका नम्र स्वभाव, हमेशा मदद की भावना, हँसमुख स्वभाव हमेशा याद रहेगी यही सब आचरण के कारण ही इन्होंने कुसमा में डाकघर के कार्य को गति मिली है। उन्होंने स्थानांतरित होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी इसी तरह अच्छे कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर डाकघर के वरिष्ठ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कैंसिल चेक के जरिए व्यापारी के साथ हुई 1,99,700 रुपये की धोखाधड़ी

**जगदलपुर, 29 दिसंबर।** ठगी के नए-नए तरीकों ने अब पुलिस और आम जनता दोनों को हैरान कर दिया है। छत्तीसगढ़ के किरन्दुल (दंतेवाड़ा) निवासी एक व्यापारी के साथ कैंसिल चेक के जरिए हुई लाखों की धोखाधड़ी ने बैंकिंग सुरक्षा और शातिर अपराधियों की तकनीक पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। ठगों ने ऐसी चालाकी दिखाई कि स्वयं व्यापारी ने अपनी आंखों से चेक पर लिखते देखा, लेकिन कुछ ही घंटों में उसी चेक से लाखों रूपये निकल गए। पीड़ित सरोज कुमार घोष की शिकायत पर परपा थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस) की धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैकिरन्दुल निवासी सरोज कुमार घोष जिनकी धरमाऊर में पोल फैक्ट्री है, उसने बताया कि उनको एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को श्रीराम फाइनेंस का बड़ा अधिकारी आरके. सिन्हा बताया। उसने 25 लाख रुपये के ओवर ड्राफ्ट% लोन का झांसा देकर व्यापारी को अपने जाल में फंसाया। ठगी की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि वेरिफिकेशन के लिए आए कुंदन शर्मा नाम के व्यक्ति ने व्यापारी के सामने ही बैंक चेक पर अपनी कलम से लिखा। सरोज कुमार को लगा कि कैंसिल चेक से कोई खतरा नहीं है, इसलिए उन्होंने भरोसा कर लिया। लेकिन जैसे ही ठग चेक लेकर फैक्ट्री से निकला, खेल शुरू हो गया। महज 3 घंटे के भीतर व्यापारी के मोबाइल पर 1,99,700 रुपये कटने का मैसेज आया।

# दलपत दीपोत्सव की तैयारी में जुटा नगर निगम

**जगदलपुर, 28 दिसंबर।** आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दलपत सागर में आयोजित होने वाले भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर नगर निगम जगदलपुर द्वारा लगातार सफाई एवं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को भी दलपत सागर परिसर में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया।नगर निगम के बैनर तले आयोजित इस अभियान में नगर निगम का अमला, विभिन्न समाजों के प्रमुख, स्वच्छता एम्बेसडर एवं बड़ी संख्या में जगदलपुरवासी शामिल हुए। सभी ने मिलकर दलपत सागर के तटों एवं आईलैंड क्षेत्र के आसपास साफ-सफाई की और जलाशय को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया।

गौरतलब है कि दलपत सागर में चार वर्ष से जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु व नागरिक शामिल होते हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन किया जाना है। दीपोत्सव से पूर्व दलपत सागर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को लेकर नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।रविवार सुबह महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में नागरिकों ने श्रमदान कर यह संदेश दिया कि शहर की ऐतिहासिक धरोहरों की स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।महापौर संजय पांडे ने कहा दलपत सागर जगदलपुर की पहचान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। दीपोत्सव जैसे पावन आयोजन से पहले इसे स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारा कर्तव्य है। मुझे खुशी है कि नगर निगम के साथ-साथ शहर के नागरिक, समाज प्रमुख और युवा आगे आकर श्रमदान कर रहे हैं। यह जनसहभागिता ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएगी। दीपोत्सव के माध्यम से हम न केवल आस्था बल्कि स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी का भी संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने अपील की है कि आगामी दिनों में भी नागरिक अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और दीपोत्सव को स्वच्छता एवं सौंदर्य का प्रतीक बनाएं।

दीपोत्सव कार्यक्रम से पूर्व नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत रंगोली , चित्रकला सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें शहर के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

### शासकीय योजनाओं का लाभ लेने 10 वर्ष में एक बार अपना बायोमैट्रिक अपडेट कराना आवश्यक

**मोहला 29 दिसम्बर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में आधार सेच्युरेशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के छूटे हुए लोगों के आधार पंजीयन हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में विशेष कैम्प आयोजित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगर, आईरिस एवं फोटो) कराए जाने पर विशेष चर्चा की गई।

## शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने 140वें स्थापना दिवस पर महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया पार्टी का ध्वजारोहण

# बस्तर जिला कांग्रेस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया कांग्रेस स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 29 दिसंबर।** संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण,पदाधिकारी व कार्यकर्तागण की उपस्थिति में महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पार्टी का ध्वजारोहण किया जिसके बाद राष्ट्रगान व ध्वज को सलामी दी गई साथ ही वरिष्ठ नेताओं,पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पुराने इतिहास,उपलब्धियों पर मंथन किया और देश निर्माण में पार्टी का अहम योगदान पर प्रकाश डाला।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ध्वजारोहण पश्चात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में हुई थी और भारत की आजादी हासिल करने के लिए स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया, जेल गए और कठिनाइयों का सामना किया 1920 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पूरी तरह से एक जन आंदोलन में बदल गई. 1920 में असहयोग आंदोलन, 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के ज़रिए, कांग्रेस ने ब्रिटिश सत्ता की जड़ों पर हमला किया. 1929 में लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस ने पहली बार आधिकारिक तौर पर पूरी आजादी की मांग की. आखिरकार 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हो गया. कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई को कामयाबी से पूरा किया. आजादी के बाद भी कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को लीड किया और एक मॉडर्न इंडिया की नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की लीडरशिप में रखी गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने कहा कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं,भारत की आत्मा की आवाज़ है जो हर कमजोर, हर वंचित और हर मेहनतकश के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही है।हम उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं जिन्होंने भारत को आज़ादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को मजबूत किया। आज केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण करने का जो कार्य किया जा रहा है इस विरोध करते है। कांग्रेस नेताओं ने इसे केवल योजना का नाम बदलना नहीं, बल्कि कानून के तहत मिलने वाले श्रम अधिकारों और रोजगार की गारंटी को खत्म करने का प्रयास है !पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कांग्रेस का यह स्थापना दिवस पार्टी के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र में उनके योगदान को याद करने का अवसर है महात्मा गांधी जी, इंदिरा गांधी जी और राजीव गांधी जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और धर्मनिरपेक्षता के लिए उन्होंने अपने जीवन की आहुति दी कांग्रेस हमेशा भारतवासियों के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम करती रही है।हमारा संकल्प है कि नफ़रत, अन्याय और तानाशाही के ख़िलाफ़ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई कांग्रेस पार्टी और अधिक मज़बूती से लड़ेंगे।

इस अवसर पर पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने कहा कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आजादी के बाद देश को नई दिशा दी और विकास का रास्ता दिखाया। नतीजतन आज भारत का नाम विश्व के अग्रिम देशों में शुमार है।पार्टी ने अपनी स्थापना के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। देश को आजादी दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी के अनेको वीरों ने कुर्बानियां दीं। पार्टी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, डा. मनमोहन सिंह सरीखे प्रधानमंत्री दिए, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनाकर 21वीं सदी में पहुंचाया। कांग्रेस स्थापना दिवस संगठन की मजबूती, एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है।इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नरेंद्र तिवारी,अनवर खान, हरिशंकर,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,सेवादल कौशल नागवंशी,प्रभारी महामंत्री अभिषेक नायडू,सुभाष गुलाटी,जाहिद हुसैन,अल्ताफ उल्ला खान,विजय सिंह,सुरेन्द्र झा,वेंकट राव,अतिरिक्त शुक्ला,वीरेंद्र परिहार, रविशंकर तिवारी,मनोज साहनी,संजय पाणिग्रही, अनूप तिवारी,व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष आदि थे।

# तहसील साहू संघ एवं परिक्षेत्र के नये पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 29 दिसंबर।** तिल्दा नेवरा तहसील साहू संघ एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह तारीख 28/12/25 को किया गया ग्राम बुरेडा खरोंरा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ एल.पी साहू ने भी शपथ ग्रहण किया साथ ही उपाध्यक्ष डॉ देव साहू सचिव डॉ भोला साहू कोषाध्यक्ष डॉ मुकेश साहू सहसचिव डॉ लेख राम साहू ने भी शपथ ग्रहण कर कार्यक्रम में शामिल हुए नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मनी राम साहू जी ने शपथ ग्रहण किये और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोती राम साहू जी अभनपुर विधायक श्री इंद्र साहू जी कसडोल विधायक श्री संदीप साहू और जिलाध्यक्ष श्री देव नाथ साहू शामिल हुए।

# जशपुर जिले के शासकीय विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने नई पहल

**रायपुर, 29 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में आज बगिया में जशपुर जिले के शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन जशपुर, एसईसीएल एवं ईडीसीआईएल के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर श्री रोहित व्यास, एसईसीएल की ओर से जनरल मैनेजर श्री सी. एम. वर्मा तथा ईडीसीआईएल की ओर से प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री विकास सहरावत ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी बनाना समय की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के बच्चों को भी शहरों के समान बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सके। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में नवाचार, जिज्ञासा एवं तकनीकी दक्षता का विकास होगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा।

एमओयू के तहत जशपुर जिले के चयनित शासकीय विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से इंटरएक्टिव पैनल स्थापित किए जाएंगे। इन उपकरणों के माध्यम से शिक्षक डिजिटल कंटेंट, वीडियो, प्रेजेंटेशन एवं ई-लर्निंग संसाधनों का उपयोग कर कक्षाओं को अधिक रोचक, सरल एवं प्रभावी बना सकेंगे। साथ ही एमओयू में इंटरएक्टिव पैनल की स्थापना के साथ-साथ उनके प्रशिक्षण, संचालन एवं नियमित मेंटेनेंस के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं, ताकि उपकरणों का सतत एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। इस परियोजना के लिए एसईसीएल द्वारा सीएसआर मद से 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसके अंतर्गत जिले के शासकीय विद्यालयों में 206 इंटरएक्टिव पैनल लगाए जाएंगे। इस पहल से जिले के सैकड़ों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा की सुविधा प्राप्त होगी। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने एसईसीएल एवं ईडीसीआईएल के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इस परियोजना से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

# धर्मान्तरण के खिलाफ वैद्यराजों ने बनाया संगठन

जगदलपुर, 29 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के बस्तर के अंदरूनी गांवों में आदिवासियों को प्रार्थना कर गंभीर बीमारी ठीक करने व हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध भ्रम फैलाकर मिशनरी उनका मतांतरण करवा रहे हैं। इसको लेकर सिरहा-गुनिया व गायता-पेरमा वैद्यों (औषधि उपचार के जानकार) ने संगठन बनाया है। इसके सदस्य ग्रामीणों को मिशनरियों की साजिश को लेकर सजग कर रहे हैं।संगठन के प्रयास से अब तक लगभग 10 परिवारों ने घर वापसी भी की है। फरसागुड़ा निवासी प्रेमसागर पंत के नेतृत्व में शुरू हुए इस प्रयास में 265 सदस्य जुड़ चुके हैं। पंत ने बताया कि मतांतरण के जवाब में अब गांव-गांव जाकर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उनके समूह ने सैकड़ों वर्षों से चली आ रही जनजातीय परंपराओं का बचाने के लिए लोगों को समझाना शुरू किया है।उन्होंने बताया कि मिशनरी वाले प्रार्थना कर असाध्य रोगों को ठीक करने का दावा भी करते थे। संगठन ने कोंडागांव के मर्दापाल से लेकर बीजापुर के सुदूर गांवों तक संपर्क बनाया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे पादरियों के प्रवेश पर भी रोक लगाई जा रही है, जो आर्थिक प्रलोभन या चमत्कारी इलाज के नाम पर मतांतरण का प्रयास करते हैं।मतांतरितों को आरक्षण लाभ से वंचित करने की मांग पर दिल्ली में करेंगे प्रदर्शनमतांतरितों को आरक्षण से वंचित करने की मांग को लेकर जनजातीय समाज ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसी संदर्भ में 22 मई 2026 को प्रस्तावित दिल्ली चलो आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को जनजातीय सुरक्षा मंच की बैठक छत्तीसगढ़ के जशपुरनगर में आयोजित की गई।

## एक नजर

### वित्त मंत्री चौधरी ने ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ में गुरु दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**रायगढ़, 29 दिसम्बर।** प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी आज रायगढ़ प्रवास के दौरान सुबह की पहली किरण के साथ बनोरा आश्रम पहुंचे। उन्होंने आश्रम में पहुंचकर सबसे पहले अघोरेश्वर बाबा राम जी की प्रतिमा के दर्शन करने के बाद आश्रम में बाबा प्रियदर्शी राम जी से आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साधु संतों का आशीर्वाद होना मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इन्हीं मूल्यों के आधार पर राज्य सरकार जनकल्याण, विकास और सुशासन के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### समिति में सुचारू रूप से धान खरीदी जारी

**महासमुंद 29 दिसम्बर ।** राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम झालखम्हरिया सेवा सहकारी समिति में सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था के कारण किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। समिति में आफ लाइन और ऑनलाइन टोकन व्यवस्था नियमित रूप से लागू की गई है, जिससे धान विक्रय के दौरान न तो भीड़ है और न ही भगदड़ की स्थिति। किसान पूरी सुविधा और संतोष के साथ अपना धान विक्रय कर रहे हैं।समिति प्रबंधक श्री भोज राम साहू ने बताया कि आज कुल 24 किसानों के टोकन काटे गए, जिनके माध्यम से 1090 क्विंटल धान की खरीदी की गई। अब तक समिति में 27,482 क्विंटल धान की सफलतापूर्वक खरीदी हो चुकी है। वर्तमान में लगभग 50 प्रतिशत किसान धान विक्रय कर चुके हैं, जिसमें 535 किसान शामिल हैं। समिति में कुल 1077 किसान पंजीकृत हैं। धान उठाव की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है। अब तक लगभग 50 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है और परिवहन या भंडारण में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।धान विक्रय के लिए पहुँचे युवा किसान श्री देव कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन टोकन के माध्यम से बिना किसी परेशानी के 105 कट्टा (लगभग 42 क्विंटल) धान विक्रय हेतु लाया है। उनकी लगभग 2 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने कहा कि समिति में पर्याप्त मात्रा में हमाल उपलब्ध हैं, जिससे धान तौल एवं उठाव में समय की कोई बर्बादी नहीं होती। पूरी प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है।समिति प्रबंधक ने यह भी बताया कि धान विक्रय के पश्चात किसानों के बैंक खातों में राशि का तत्काल अंतरण किया जा रहा है, जिससे किसानों में खुशी और संतोष दिखाई दे रहा है।

# काम के कारण15 दिनों तक किरंदुल नहीं जाएगी पैसेंजर ट्रेन




**जगदलपुर, 29 दिसंबर।** किरंदुल-कोत्तवालसा रेललाइन पर आधुनिकीकरण कार्यों के चलते विशाखापट्टनम-किरंदुल के बीच चलने वाली पैसेंजर को एक बार फिर दंतेवाड़ा तक शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया है। विशाखापट्टनम से किरंदुल आने वाली पैसेंजर 28, 29, 30, 31 दिसंबर, 1, 2, 4, 6, 7, 8 व 10 जनवरी को दंतेवाड़ा तक चलेगी। वहीं किरंदुल से विशाखापट्टनम जाने वाली पैसेंजर 29, 30, 31 दिसंबर, 1, 2, 4, 6, 7, 8, 9 व 11 जनवरी को दंतेवाड़ा से चलेगी। इस दौरान किरंदुल से दंतेवाड़ा के बीच पैसेंजर सेवा बंद रहेगी।

# जिला प्रशासन एवं तमनार क्षेत्र के 14 ग्रामों के प्रतिनिधिमंडल के बीच शांति वार्ता सफल

**रायगढ़, 29 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में जनसुनवाई के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन के बीच लगातार दो दिनों के प्रयास से जिला प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुई शांति वार्ता में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जिला प्रशासन एवं तमनार क्षेत्र के प्रभावित 14 ग्रामों के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई शांति वार्ता सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें धौराभाठा में आयोजित जनसुनवाई से संबंधित विषयों एवं उनके निरस्तीकरण की प्रक्रिया पर गहन चर्चा की गई।जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया कि 8 दिसंबर 2025 को धौराभाठा बाजार मैदान में आयोजित जनसुनवाई से संबंधित प्राप्त सुझावों के बाद निरस्तीकरण की प्रक्रिया नियमानुसार आगे बढ़ाई जा रही है। जिला प्रशासन ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी बिंदुओं पर विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन विगत दो दिनों से प्रभावित ग्रामों के प्रतिनिधिमंडल के साथ शांति वार्ता के लिए निरंतर प्रयासरत था। इसी क्रम में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में तमनार जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आज रविवार को देर शाम जिला प्रशासन एवं प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने को लेकर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। शांति वार्ता के उपरांत जिला प्रशासन एवं प्रतिनिधिमंडल, दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति बहाल रखने तथा किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने देने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रभावित 14 ग्रामों के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे। सभी ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखते हुए प्रशासन के साथ सहयोग करने का आश्वासन दिया।



# खरसिया के ग्राम बकेली में किसान के ज़हर सेवन के प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद सामने आया

**रायगढ़ 29 दिसंबर।** रायगढ़ जिले के तहसील खरसिया अंतर्गत ग्राम बकेली में किसान कृष्ण कुमार पिता मनबोध द्वारा ज़हर सेवन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक स्तर पर मामले की पड़ताल की गई, जिसमें सामने आया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना पारिवारिक विवाद के चलते उत्पन्न मानसिक तनाव का परिणाम है, न कि धान विक्रय व्यवस्था या टोकन प्रणाली में किसी प्रकार की त्रुटि के कारण।

जांच में ज्ञात हुआ कि किसान कृष्ण कुमार का पंजीयन किसान कोड TF4100490100229 के अंतर्गत कुल 0.063 हेक्टेयर रकबा दर्शित है। वहीं उनकी माता श्रीमती नोनी बाई एवं बहन जानकी बाई का पंजीयन किसान कोड झस्न4100490100324 के तहत 0.5130 हेक्टेयर रकबा के साथ अलग-अलग दो समितियों (तुरेकेला) में दर्ज है। धान विक्रय के लिए टोकन कटाने के दौरान यह स्थिति सामने आई कि माता एवं बहन के आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने के कारण ओटीपी जनरेट नहीं हो पा रहा था।मौके पर उपस्थित बहन जानकी बाई से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि उनके द्वारा आधार से मोबाइल नंबर अपडेट करा दिया गया है तथा यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इस प्रकार धान विक्रय से संबंधित टोकन प्रक्रिया में कोई स्थायी या गंभीर तकनीकी समस्या नहीं पाई गई।स्थानीय ग्रामीणों से की गई पूछताछ में यह भी जानकारी सामने आई कि किसान कृष्ण कुमार एवं उनकी बहन जानकी बाई के मध्य पूर्व से पारिवारिक विवाद की स्थिति बनी रहती थी। घटना के दिन दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिससे किसान मानसिक रूप से अत्यधिक व्यथित हो गया और इसी तनाव में आकर उसने ज़हर सेवन जैसा कदम उठाया। जिला प्रशासन द्वारा बतलाया हुआ गया है कि यह घटना धान खरीदी व्यवस्था, टोकन प्रणाली अथवा किसी प्रशासनिक लापरवाही से संबंधित नहीं है। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सहयोग एवं आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

# अमेरी के ग्रामीणों ने असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई ,दंड की व्यवस्था भी की

**रायपुर,29 दिसंबर।** असामाजिक गतिविधियों से क्षुब्ध व आक्रोशित मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमेरी के ग्रामीणों ने पंचायत व ग्रामीण सभा की संयुक्त बैठक कर ग्राम में चल रहे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है । बैठक के पूर्व मनाही के बाद भी इन गतिविधियों में लिप्त कतिपय विघ्नसंतोषी तत्वों को ग्रामीण व्यवस्था के तहत दंडित करने के साथ - साथ में ग्राम में शराब व जुआ सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ - साथ दूकानों से डिस्पोजल गिलास व पानी पाऊच बिक्री पर भी रोक लगा दिया गया है व उल्लंघन करने वालों के लिये दंड का भी प्रावधान किया गया है जिसे ग्रामहित में ग्रामीणों ने स्वीकार भी कर लिया है । इसके बाद भी नजदीकी मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम कठिया व खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली में बिक रहे अवैध शराब बिक्री की वजह से ग्राम में माहौल अशांत रहने से ग्रामीण परेशान हैं ।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ समय से ग्राम के मुट्ठी भर विघ्नसंतोषी तत्वों ने ग्राम का माहौल खराब कर रखा था । पंचायत प्रतिनिधियों व ग्राम प्रमुखों के लगातार समझाईश के बाद भी वे अपने हरकतों से बाज न आ ग्राम में अशांति का माहौल बना रखे थे । परेशान ग्रामीणों के आग्रह पर पंचायत व ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया जाकर इस पर तत्काल प्रभाव से अमल भी शुरू कर दिया गया है । क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा के आज अमेरी पहुंचने पर ग्रामीणों ने यह जानकारी उन्हें दी जिसकी पुष्टि सरपंच सूरज शर्मा व ग्रामीण सभा अध्यक्ष तुलसी राम साहू ने भी की। ग्रामहित के इस निर्णय के लिये श्री शर्मा ने ग्रामीणों व? ग्राम प्रमुखों को बधाई दी । इस दरम्यान ग्रामीणों ने नजदीकी ग्राम कठिया व खौली में अबाध अवैध शराब बिक्री से परेशानी होने की भी जानकारी दी । साथ ही कई ग्रामीणों ने श्री शर्मा के गृह ग्राम टेकारी से भी पियक्कड़ों को शराब उपलब्ध होने की जानकारी दी । श्री शर्मा ने टेकारी के कतिपय असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर ग्रामीणों की नजर होने की जानकारी देते हुये पुख्ता जानकारी मिलते ही चाहे ग्रामीण व्यवस्था के तहत अथवा थाना / आबकारी स्तर पर कार्यवाही का आश्वासन दिया व साथ ही शराब मुहैय्या कराने वाले का नाम व्यक्तिगत जानकारी में लाने का आग्रह किया । खौली व कठिया के पंचायत व ग्राम प्रमुखों से भी चर्चा का उन्होंने आश्वासन दिया ।

# जगदलपुर-रायपुर उड़ान की योजना फिर ठंडे बस्ते में !

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,29 दिसंबर।** हवाई सेवाओं का विंटर शेड्यूल जब शुरू हुआ था, तब एलाइंस एयर ने एक बार फिर हफ्ते में चार दिन जगदलपुर से रायपुर विमान सेवा शुरू करने की सहमति दी थी, वहीं जगदलपुर से विशाखापटनम के लिए भी सप्ताह में तीन दिन हवाई सेवा शुरू करने की संभावना भी व्यक्त की थी, लेकिन इसके लिए विमान उपलब्ध नहीं है, कहकर बस्तर वालों का रायपुर और विशाखापटनम जाने का सपना फिर तोड़ दिया है।ज्ञात हो कि माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से फिलहाल हैदराबाद, दिल्ली, जबलपुर और बिलासपुर के लिए हवाई सेवाएं संचालित हो रहीं हैं, किंतु लगभग एक साल से जगदलपुर से रायपुर की हवाई सेवा स्थगित है, जिसे लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी है। जगदलपुर से जब दोबारा उड़ान की सेवा आरंभ की गयी थी, तब रायपुर जगदलपुर-हैदराबाद नियमित उड़ाने सेवा जारी थी, काफी महीनों बाद इसे बंद किया गया। विमानन कंपनियों ने यह बताते हुए रायपुर की सेवा बंद की गयी थी, कि पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं, जबकि प्रति दिन यहां से काफी संख्या में यात्री रायपुर की ओर जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि यहां से यात्रा करने वाले अधिकांश यात्री क्टिंग फ्लाइट के लिए यात्रा करते थे, वर्तमान में रायपुर विमानतल दीगर स्थानों की ओर फ्लाइट बुक करवाने वाले मजबूरन बस से सफर कर रायपुर पहुंच रहे हैं।

### एलाइंस एयर की थी योजना

माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट प्रबंधक ने बताया कि एलाइंस एयर ने हफ्ते में चार दिन रायपुर के लिए अपनी वायुयान फिर सेवा शुरू करने सहमति दी थी। यह सुविधा हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर के लिए पहले की तरह रहती। एलाइंस एयर बेड़ा में विमानों की कमी है, फिर भी उसने जगदलपुर से भुवनेश्वर तीन दिन हवाई उड़ान शुरू करने की भी सहमति जताई थी, किंतु अब तक बिगड़े विमान सुधरे नहीं है। उनके पास विमानों की कमी है, कहकर अपनी रायपुर उड़ान की योजना को रद्द कर दिया है।

### रियायती किराया हो

उल्लेखनीय है कि हैदराबाद से जगदलपुर होकर रायपुर के लिए एलाइंस एयर और इंडिगो की विमान सेवा थी, किंतु दोनों ही कंपनियों ने पर्याप्त सवारी नहीं मिलने की बात कह अपनी उड़ाने स्थगित कर दी हैं। नए विंटर शेड्यूल में एक बार फिर हैदराबाद-जगदलपुर- रायपुर उड़ान को जोड़ने की बात कही गई थी, जो फिर रद्द कर दी गई है। नागरिकों का कहना है कि जगदलपुर से रायपुर के लिए पर्याप्त सवारियां थीं, लेकिन किराया मनमाना होने के कारण लोग आने जाने से झिझकते रहे हैं।

### विशाखापटनम उड़ान भी फेल

जगदलपुर से विशाखापट्टनम हवाई सुविधा की जरूरत पर चर्चा करने पर यह बात सामने आई कि विशाखापट्टनम का एयरपोर्ट नेवी अर्थात जल सेना के अधीन है और वह किसी भी नई एयरलाइंस को उड़ान की अनुमति नहीं दे रहा है। बताया गया कि विशाखापट्टनम के पास ही बोगापुरम नामक स्थान में नई हवाई पट्टी बनाने का कार्य तेजी से जारी है। इसके पूर्ण होने पर जगदलपुर को विशाखापट्टनम के लिए उड़ान सेवा शुरू करने की भी बात कही गई थी, इसे भी रद्द कर दिया गया है।

## बस्तर में चना फोड़ने के लिए ओडिशा से मंगवाई जाती है रेत

**जगदलपुर,29 दिसंबर।** जानकारों के मुताबिक बस्तर के नदी-नालों में मिलने वाली रेत की क्वालिटी निर्माण के लिए बेहतर है. बस्तर की रेत इन दिनों सीमायी प्रांत ओड़िशा से आंध्रप्रदेश और तेलंगाना तक ले जाई जाती है। अब तो छग सरकार ने रेत खदानों की नीलामी ई-टेडर के जरिए शुरु कर दी है। रेत माफिया पैदा हो गए हैं। अरबसागर के गोपालपुर (ओड़िशा) से मंगवाते हैं। धोक के काम में आने वाली रेत के 100 किलो की एक बोरी के दाम 450 रूपये चुकाने पड़ते हैं.बस्तर के नदी-नालों में भारी मात्रा में बालू निकलती है, लेकिन इस बालू में भाड़ फोड़ने का दम नहीं होता। लाई-चना व्यवसायी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि बस्तर की रेत में मिट्टी की मात्रा अधिक होती है। जिसके कारण अरब सागर की रेत का उपयोग, लाई चना फोड़ने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया ओड़िशा के गोपालपुर जो कि समुद्री तट से लगा हुआ है, वहां से काफी बालू मंगवाई जाती है। दूरी अधिक होने के कारण दाम भी अधिक चुकाने पड़ते हैं। बस्तर में भी कुछ जगहों पर रेत की क्वालिटी ठीक है, जिसे सागर से आने वाली रेत के साथ मिलाकर उपयोग किया जाता है।

### लोहंडीगुड़ा, काकड़ीघाट की रेत पहली पसंद

बस्तर की प्रमुख नदियों में मिलने वाली रेत अलग-अलग प्रकार की होती है। कुछ जगहों पर मोटी और कई जगहों पर बारीक रेत पायी जाती है। इसके बीच की रेत की क्वालिटी सबसे अच्छी होती है। लोहंडीगुड़ा, काकड़ीघाट की रेत भवन बनाने वाले ठेकेदारों की पहली पसंद होती है।

# डोडीमरका में नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई



**बीजापुर, 29 दिसंबर ।** जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडीमरका में नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई। यह कैम्प बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., दंतेवाड़ा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप के मार्गदर्शन तथा बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में डीआरजी, जिला बल और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 7वीं वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा स्थापित किया गया है। कैम्प की स्थापना छत्तीसगढ़ शासन की ÷नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत की गई है, जिससे नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूती मिलेगी। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड के बावजूद सुरक्षाबलों ने अदम्य साहस और उच्च मनोबल का परिचय देते हुए कैम्प की स्थापना की। यह उपलब्धि सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भोपालपटनम् से फरसेगढ़, सेण्ड्रा और गढ़चिरौली को जोड़ने की दिशा में यह कैम्प एक अहम कड़ी साबित होगा। आने वाले समय में नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर गांवों तक सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाएं पहुंचने का रास्ता खुलेगा। इस दौरान एएसपी चंद्रकांत गवर्ना, उपएसपी मनोज तिर्की, हरिश पाटिल, सुदीप सरकार (ऑप्स) और अनुभागीय अधिकारी फरसेगढ़ अमन लखीसरानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए आज रविवार को बताया कि वर्ष 2024 से अब तक बीजापुर जिले में कुल 29 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इन प्रयासों के चलते बीजापुर जिले में 923 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, 221 नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए और 1100 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है।

# पीएम मोदी की मन की बात को प्रतापदेव वार्ड में सामूहिक रूप से सुना गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 29 दिसंबर।** बस्तर जिल मुख्यालय के प्रतापदेव वार्ड में आज रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 129वें संस्करण का वार्डवासियों ने सामुहिक रूप से श्रवण किया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। दुनिया ने साफ देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया के हर कोने से भारत माता के प्रति प्यार और भक्ति की तस्वीरें सामने आईं। यही भावना तब भी देखने को मिली जब वंदे मातरम के 150 साल पूरे हुए।

मन की बात में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की अनोखी विरासत सब एक साथ देखने को मिलीं। साल की शुरुआत में प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। साल के आखिर में अयोध्या में राम मंदिर में झंडा फहराने की सेरेमनी ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। मन की बात में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा 2025 खेलों के मामले में भी एक यादगार साल था। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने महिला ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा, वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर पैरा-एथलीटों ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट पक्के इरादों को रोक नहीं सकती। मन की बात वास्तव में जन-जन से संवाद का सशक्त माध्यम बन चुका है, जो लोगों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नरेंद्र पाणिग्राही, पार्षद उमा मिश्रा, सूरज मिश्रा, शिरीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# संत रविदास समाज को एकजुट रखने वाले सच्चे समाज सुधारक थे : इन्द्र साव

- मेहर समाज के सामाजिक भवन के लिए विधायक ने की 10 लाख की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 29 दिसम्बर।** संत रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत थे जिन्होंने ना केवल समाज सुधारने के लिए काम किया बल्कि सामाजिक एकजुटता के लिए हमेशा आगे रहे, ऐसे समाज सुधारक संत के कारण ही आप लोगों की पहचान एक मेहनत कश समाज के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है, उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने मंडी रोड स्थित मंगल भवन में प्रदेश स्तरीय मेहर समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कही। इस दौरान विधायक साव ने समाज के ग्राम सिंगारपुर में सामाजिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमराज बाकरे, मेहर समाज प्रदेशध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे ।

विधायक इन्द्र साव ने कहा संत रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत, समाज सुधारक, सच्चे भक्त, ईश्वर प्रेमी कवि थे । अपनी भक्ति समानता के संदेश और मानवता की सेवा के कारण पूरे देश में प्रसिद्ध हुए। गुरु रविदास ने जीवन भर जाति भेदभाव, ऊंच नीच और सामाजिक असमानता का



विरोध किया। उन्होंने प्रेम, भक्ति, करुणा, बराबरी और सच्चाई का संदेश दिया। उनके भजन और गीत आज भी गाये जाते है। उनकी महानता इसी बात से प्रारब्ध है कि गुरु ग्रंथ साहिब मे भी उनके पवित्र वचन दर्ज है।

साव ने आगे कहा कि मेहर समाज मेहनतकश समाज किसी परिचय का मोहताज नही है। इस समाज में कला, साहित्य, संस्कृति के क्षेत्र मे प्रतिभाओ की कमी नही है ।शिक्षा के क्षेत्र में भी इस समाज ने काफी ऊंचाइयां हासिल की है।इस समाज के लोग उच्च पदों पर पदस्थ रहकर जनता की सेवा कर रहे है, और उसका अनुसरण समाज के युवा होनहार छात्र छात्राएं कर रहे है।

इस दौरान विधायक इन्द्र साव ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वही समाज प्रमुखों की मांग पर विधायक साव ने सिंगारपुर मे मेहर समाज भवन के लिए दस लाख रुपए की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मेहर समाज के प्रदेशाध्यक्ष खेमराज बाकरे, जिलाध्यक्ष रामरतन डांडेकर, तरुण बिजौर, राकेश मेहर, रामाधार लहरी, सुश्री रानी बघेल, सुरेश डांडेकर, शिवा तूरकाने, शिव तुरकाने सरपंच, बसंत जोशी, बलराज पाठक, मनहरण आडिल सहित काफी संख्या मे सामाजिकजन, प्रतिभावान छात्र छात्राएं , विवाह योग्य युवक युवतियां सहित उनके पालक गण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### तेजस्विनी पटेल को समाज गौरव माता सावित्री बाई फुले सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 29 दिसम्बर।** कर्मचारी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह करियर गाइडेंस समारोह का आयोजन 28 दिसंबर 2025 को शहीद स्मारक भवन, रजबंधा मैदान रायपुर में किया गया। समारोह में विभिन्न जिलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाटापारा नगर की होनहार छात्रा तेजस्विनी (छोटी) पटेल, पिता जय नारायण पटेल (अनाज व्यवसायी) को कक्षा दसवीं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर समाज गौरव माता सावित्रीबाई फुले सम्मान से नवाजा गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। तेजस्विनी की इस उपलब्धि पर



परिवारजनों, समाजजनों एवं मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें करियर मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

## एक नजर

### धान बेचने के लिए पर्याप्त समय व शासन की खरीदी व्यवस्था से किसान संतुष्ट

**कोरबा, 28 दिसंबर।** पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र के किसान सोन साय लगभग चार से पाँच एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष वे अब तक केवल दस क्विंटल धान बेच पाए हैं क्योंकि उनके खेतों में अभी भी मिंजाई का काम चल रहा है। उनका कहना है कि धान बेचने को लेकर उन्हें किसी प्रकार की चिंता नहीं है। जैसे ही धान पूरी तरह सूखकर इकट्ठा हो जाएगा, वे उपार्जन केंद्र जाकर बिक्री कर लेंगे। धान की मिंजाई में जुटे किसान मान सिंह और जदुबर सिंह का भी मानना है कि खरीदी अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाए जाने से किसानों को पर्याप्त समय मिल गया है। इससे वे बिना किसी तनाव के खेत का काम पूरा कर पा रहे हैं और समय पर उपार्जन केंद्र में धान बेचने में समर्थ होंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देशन में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। धान उपार्जन केंद्रों में पारदर्शी तरीके से खरीदी सुनिश्चित की जा रही है और मूल किसानों से ही धान खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं। घर बैठे ऑनलाइन टोकन की सुविधा, केंद्रों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ किसानों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही हैं।

### एक-एक हजार हेक्टेयर बढ़ेगा सूर्यमुखी और सरसों का रकबा

**कोरबा, 28 दिसंबर।** जिले में रबी फसल का रकबा 40 हजार 730 हेक्टेयर है। इस बार दलहन के साथ ही तिलहन फसल को बढ़ावा देने प्लानिंग की गई है। इसके साथ सूर्यमुखी की फसल का रकबा ढाई हजार से 3500 हेक्टेयर करने का निर्णय लिया है। मूंगफली का रकबा भी 500 से बढ़कर 1500 हेक्टेयर किया जा रहा है। किसान रबी में धान के साथ ही गेहूं और रागी की फसल लेते हैं। इस बार गेहूं का लगभग 2452 हेक्टेयर और धान का 515 हेक्टेयर है। इसी तरह मक्का का भी 750 हेक्टेयर में फसल लेने किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। रागी की फसल करतला और पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में ही होती है। धीरे-धीरे कर इसका रकबा अभी 25 हेक्टेयर किया है, लेकिन सबसे अधिक तिलहन को ही बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक सरसों की सबसे अधिक फसल होती रही है। इस बार भी 2500 हेक्टेयर में किसान फसल ले रहे हैं। मूंगफली का रकबा भी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम करतला में सबसे अधिक 178 हेक्टेयर में किसान फसल लेते हैं। सूर्यमुखी को बढ़ावा देने सभी ब्लॉकों में प्रोत्साहित किया जा रहा है। अलसी की फसल का रकबा 900 हेक्टेयर है। कुसुम का 2710 हेक्टेयर में फसल होती है। अब तक किसान करीब 27421 हेक्टेयर में बुवाई कर चुके हैं। सब्जी फसल का रकबा 18540 हेक्टेयर है।

### सड़कों में अब निडर होकर चल रहे ग्रामीण, स्थानीय व्यवसायियों में भी दिखने लगा तरक्की का उत्साह

**कोरबा, 28 दिसंबर।** जिले के बरपाली तहसील के ग्राम पताड़ी में स्थित अदाणी कोरबा पॉवर लिमिटेड (केपील) द्वारा क्षेत्र में विकसित भारत के विकसित गांव की कहानी गढ़ी जा रही है। अदाणी फाउंडेशन, केपील के सामुदायिक सहभागिता के हरित पहल के तहत आसपास के सात गांवों में ढांचागत विकास के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी जिम्मा उठा रहा है। अदाणी फाउंडेशन अपने हरित पहल द्वारा ग्राम पताड़ी सहित निकटवर्ती ग्राम खोड्डुल, पहंदा, पताड़ी, सरगबुंदिया, ढ़नढनी, कुदूरमाल और देवरमाल ग्राम पंचायतों के चैक-चैराहों, गलियों व सार्वजनिक स्थलों में सोलर स्ट्रीट लाईटें लगाकर एवं गांव के सप्ताहिक बाजारों में सोलर हाई मास्ट लाईटें लगाकर, सार्वजनिक विकास की दिशा में एक उज्ज्वल अध्याय लिख रहा है। अदाणी फाउंडेशन ने अपने इस अभियान के तहत कुल तीन चरणों में आसपास के गांवों में कायापलट करने में प्रयासरत है। जिनमें प्रथम चरण में 50 स्ट्रीट व तीन सोलर हाई मास्ट लाईट लगाकर गांवों को प्रकाशमान किया गया। गावों में इसका सकारात्मक परिणाम देख तथा ग्रामीणों की मांगों के आधार पर द्वितीय चरण में 60 स्ट्रीट व दो सोलर हाई मास्ट लाईटें, केपील प्रोजेक्ट के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों में लगाकर सालों से चली आ रही मांगों को फलीभूत किया जा रहा है। जिसका पूर्ण लाभ ग्रामीणजनों, समुदायों एवं आवागमन करने वालों लोगों को हो रहा हैं। वहीं इसके जबरदस्त उत्साह को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों में अब तृतीय चरण में भी दो सोलर हाई मास्ट लाईटें लगाई गई।

# साइबर सेल, पुलिस ने गांजा की तस्करी और बिक्री करने के मामले में 2 लोगों को किया गिरफ्तार

## पकडे गए आरोपियों में एक विधि से संघर्षरत बालक भी है शामिल

- स्कूटी से अवैध गांजा की तस्करी कर रहे थे आरोपी
- आरोपियों को ग्राम अमेरा से छेरकापुर जाने वाले मार्ग में नाकाबंदी कर पकड़ा गया
- कार्रवाई में आरोपियों से 2 किलो गांजा और स्कूटी जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर दिनांक 27.12.2025 को साइबर सेल एवं थाना पलारी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमेरा से ग्राम छेरकापुर जाने वाली मार्ग में नाकाबंदी कर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री करने की फिराक में लगे हुए आरोपी विशाल साहू एवं विधि से संघर्षरत एक बालक को पकड़ा गया है।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपियों तथा स्कूटी का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से एक थैला में अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।



तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 2.004 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 16, 000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री में प्रयुक्त स्कूटी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना पलारी में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 544/2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

आरोपियों के नाम के नाम 1. विशाल साहू उम्र 19 वर्ष निवासी रामसागर तालाब के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, विधि से संघर्षरत बालक है। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल कुल 2.004 किलोग्राम कीमती 16, 000, स्कूटी जब्त की गई है।

### लवन पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है, जिसके तहत चेकिंग अभियान में थाना लवन पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 01 वाहन चालक को शराब पीकर, वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, उसका वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 26.12.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाहन चालक लक्ष्मण साहू उम्र 28 साल निवासी ग्राम सेडाभाट थाना पामगढ़ को ?10, 000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### डॉ. रेशमी को एसएसपीयू से मिली डॉक्टरेट की उपाधि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 29 दिसम्बर।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाली पहली महिला बनने का गौरव राजनांदगांव की बेटी डॉ. रेशमी ने हासिल किया है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में कार्यरत डॉ. रेशमी को यह उपाधि पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में प्रदान की गई। डॉ. रेशमी ने छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल और मीडियाः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (विशेष संदर्भ दैनिक भास्कर एवं हरिभूमि समाचार पत्र) विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनका यह शोध सहायक प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूनिवर्सिटी के डीन एवं रिसर्च सेल प्रमुख डॉ. धनेश जोशी ने बताया कि वर्ष 2020 में स्थापित इस यूनिवर्सिटी में अब तक लगभग 300 शोधार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से डॉ. रेशमी पहली शोधार्थी हैं जिन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। बाह्य परीक्षक के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के डॉ. राघवेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने इसे यूनिवर्सिटी के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

**परिवार को दिया सफलता का श्रेयः** डॉ. रेशमी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता दयाराम, माता किरण, ससुर छबिलाल, सास गीता सहित दोनों परिवारों के सभी सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और शिक्षकों के निरंतर सहयोग एवं उत्साहवर्धन से यह सफलता संभव हो सकी। डॉ. रेशमी के पति रवि ने इस उपलब्धि को नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल दोनों परिवारों के लिए गौरव का विषय है।

# ग्राम सभा में दी जी राम जी योजना की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 29 दिसंबर।** कलेक्टर के आदेश एवं जिला पंचायत सीईओ मैडम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा के मार्गदर्शन में, ग्राम पंचायत तुलसी में विकसित भारत ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना के संबंध में एक विशेष ग्राम सभा का सफल आयोजन किया गया। इस सभा का प्रमुख उद्देश्य योजना के नए प्रावधानों से ग्रामीणों को अवगत कराना तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को प्रस्तुत करना था। सभा में कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार वैद्य, तकनीकी सहायक गुलशन कुमार, निधि साहू एवं सुश्री स्वर्णालता माहेश्वरी के साथ-साथ सरपंच राहुल ठाकुर, उप सरपंच पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। योजना का विधिवत पठनः सभा में वीबी जी राम जी (पूर्व में मनरेगा) के नए कानूनी प्रावधानों का विस्तृत पठन किया गया, ताकि हर ग्रामीण इसके दायरे, अधिकारों और प्रक्रियाओं से भली-भाँति परिचित हो सके। भविष्य की रूपरेखा का डिजिटल प्रस्तुतीकरणः ग्राम पंचायत तुलसी के लिए तैयार किए जा रहे वित्तीय वर्ष 2026-27 के कार्ययोजना (प्लान) को युक्तधारा एवं क्लैट एप जैसे आधुनिक डिजिटल प्लेटफार्मों की सहायता से ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस तकनीकी प्रदर्शन से ग्रामीणों को आने वाले वर्ष में होने वाले विकास कार्यों की स्पष्ट झलक मिली। साथ ही एमएमएमएस के द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस एवं ई केवाईसी के बारे में भी जानकारी दी गई।

**जन-भागीदारी पर बलः** अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों से आग्रह किया गया कि वे आगामी योजनाओं के निर्माण में सक्रिय सुझाव दें, ताकि गाँव की वास्तविक ज़रूरतों के अनुरूप कार्यों का चयन किया जा सके।

**अधिकारियों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण स्पष्टीकरणः** कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार वैद्य ने बताया कि नई योजना ग्राम पंचायतों को 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत के रूप में डेवलप करना है और यह योजना अधिक शक्तिशाली बनाती है तथा रोज़गार के दिनों को बढ़ाने का प्रयास करती है। तकनीकी सहायक गुलशन कुमार, निधि साहू एवं स्वर्णालता माहेश्वरी ने युक्त धारा एवं क्लार्ट एप द्वारा ग्राम पंचायत के वित्तीय वर्ष 26-27 के प्रस्तावित प्लान प्लान को ग्राम सभा में ग्रामीण जनता को दिखाए। सरपंच राहुल ठाकुर ने ग्रामवासियों से इस योजना का लाभ उठाने तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में सहयोग का आह्वान किया। यह सभा स्थानीय प्रशासन द्वारा वीबी जी राम जी योजना के प्रति गम्भीरता व ग्रामीणों को केंद्र में रखकर विकास की योजना बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# एमएमसी जिला प्रेस क्लब की बैठक में एनिश पुरी गोस्वामी पुन: अध्यक्ष बने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 29 दिसम्बर।** मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के प्रेस क्लब की बैठक जिला मुख्यालय मोहला में वन विभाग के विश्राम गृह में सम्पन्न हुआ। जहां जनतांत्रिक तरीके से प्रेस क्लब के पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से हरिभूमि के पत्रकार एनिश पुरी गोस्वामी को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

मोहला स्थित विश्राम गृह में प्रेस क्लब के सभी पत्रकार साथी उपस्थित हुए, प्रेस क्लब के नये पदाधिकारी के चयन को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष के लिए एनिशपुरी गोस्वामी ने पुनः दावेदारी पेश किया आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए एनिश को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष के तीन पद के लिए चार लोगों ने दावेदारी किया जिसमें आशीष कसार, प्रशांत शर्मा व मनीष



कौशिक को बनाया गया। सचिव के लिए कलीमुद्दीन व सहसचिव के लिए केजन दास साहू और कोषाध्यक्ष के लिए वरिष्ठ पत्रकार योगेश खण्डेलवाल को निर्विरोध मनोनीत किया गया।

प्रवक्ता ऐश्वर्य साहू तथा मीडिया प्रभारी प्रवेश सोरी व आफताब खान को मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिया गया तथा संगठन के लिए मजबूती से कार्य करने का वादा किया गया। बैठक में ज्ञानचन्द्र कुम्भज (पत्रिका) कौड़िकसा, विनोद टेम्बुलकर औंधी (पत्रिका), सरवरी खान औंधी (हरिभूमि), तरणजीत कौर छाबड़ा चौकी रुद्रपथ, जिब्राइल खान, प्रमोद निर्मल न्यूज़24 मानपुर, राजेन्द्र टेम्बुलकर, जावेद खान, अभिषेक त्रिपाठी, मनोज यादव, सहित सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

धान खरीदी को बेहतर व पारदर्शी बनाने के लिए

# कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी धान खरीदी व संग्रहण केंद्र का नियमित निरीक्षण कर रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर।** जिले में धान खरीदी कार्य को बेहतर और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा उपार्जन केंद्रों एवं संग्रहण केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान किसानों की शिकायतों का निराकरण, व्यवस्थाएं दुरुस्त एवं कमियों को दूर करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे एवं तहसीलदार ने समिति हथबंद एवं संग्रहण केन्द्र उड़ेला व रिंगनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि संग्रहण केंद्रों में साफ सफाई का कार्य जारी है, विद्युत कनेक्शन उपलब्ध है एवं फेंसिंग मरम्मत की आवश्यकता है।एसडीएम भाटापारा श्यामा पटेल ने संग्रहण केंद्र देवरी का निरीक्षण किया। संग्रहण केन्द्र में पानी टंकी रिपेयर, एंट्री गेट वाली सड़क में समतलीकरण, स्टैक ठीक



करने तथा सीसीटीवी कैमरे को रिपेयर कराने की आवश्यकता है। इसी तरह एसडीएम कसडोल रामरतन दुबे ने संग्रहण केंद्र कसडोल का निरिक्षण मंडी और संग्रहण प्रभारी की उपस्थिति मे किया। केन्द्र धान संग्रहण के लिए तैयार है। सीसीटीवी कैमरा को ठीक किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा की जा रही इस सतत कार्रवाई से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी हुई है और बिचौलियों पर लगाम कसने के साथ-साथ वास्तविक किसानों को सुगमता से लाभ मिल रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि पूरी खरीदी प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक टीम मुस्तैद रहेगी। किसी भी केन्द्र में कोई गडबड़ी पाए जाने पर सम्बधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## समर्थन मूल्य में धान खरीदी से किसानों के जीवन में आ रही है आर्थिक खुशहाली

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 29 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का सकारात्मक प्रभाव अब प्रदेश के गांव-गांव में दिखने लगा है। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की सुव्यवस्थित व्यवस्था और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किए जाने के फैसले ने किसानों के जीवन में आर्थिक खुशहाली का नया संचार किया है। सकरी धान उपार्जन केंद्र पहुँची महिला किसान मीना साहू ने धान विक्रय के सम्बन्ध में



बताया कि उनके पास कुल 1.5 एकड़ कृषि भूमि है जिससे उन्होंने 70 कट्टा धान का विक्रय बेहद सुगमतापूर्वक और बिना किसी परेशानी के पूरा किया है। मीना साहू ने उपार्जन केंद्र में की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता और तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता की वजह से उन्हें अपनी उपज बेचने में काफी मदद मिली। इसके साथ ही सरकार द्वारा केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेयजल और छाया के जो पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, वह भी सराहनीय हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदना छोटे और सीमांत किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

एक नजर

## 'लोकमित्र समूह' का गठन

**रायपुर, 29 दिसंबर।** प्रदेश के साहित्यकारों और साहित्यिक -सांस्कृतिक अभिरुचि के मित्रों ने मिलकर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 'लोकमित्र समूह' का गठन किया है । नवगठित समूह ने अपना पहला कार्यक्रम 'ग़ालिब हमारे ' शीर्षक से 27 दिसम्बर 2025 की शाम उर्दू के महान शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की 228 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया। महान शायर पर केंद्रित सांस्कृतिक -संध्या में मिर्ज़ा ग़ालिब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा के साथ उनकी लोकप्रिय ग़ज़लों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई । इस मौके पर विमतारा सांस्कृतिक भवन में छत्तीसगढ़ के शायरों और कवियों की काव्य -गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। सबसे पहले मिर्ज़ा ग़ालिब और 23 दिसम्बर 2025 को दिवंगत हुए छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और लेखक रायपुर निवासी विनोद कुमार शुक्ल को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई । कवि पीयूष कुमार ने विनोद कुमार शुक्ल की कविता 'समुद्र की सतह से निकलकर आया' का पाठ किया। कार्यक्रम के संगीत-सत्र में रायपुर के युवा कलाकार वसु गंधर्व और निवेदिता शंकर ने ग़ालिब की चुनी हुई ग़ज़लों का गायन किया।तबले पर अशोक कूर्म ने संगत की। विचार-सत्र में रायपुर के जाने -माने शायर अब्दुल जावेद नदीम ने अपना आलेख पढ़ा, जिसमें उन्होंने ग़ालिब की ग़ज़लों के ऐसे तत्वों की पड़ताल की जिनके जरिए वे विगत दो शताब्दियों से उर्दू शायरी के आकाश में एक सितारे की तरह अपनी चमक बनाए हुए हैं ।

## 25 स्थानों पर मिला सीएंडडी वेस्ट भवन स्वामियों से वसूला गया जुर्माना

**रायपुर, 29 दिसंबर।** रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा सहायक अभियंता श्री योगेश यदु, श्री सुशील अहीर, उप अभियंता श्री अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में जोन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 25 से अधिक स्थानों पर सीएंडडी वेस्ट मिलने पर सम्बंधित भवन स्वामियों पर कुल 8000 रूपये जुर्माना किया।

## देशद्रोहियों पर कार्रवाई की जाए

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से राज्य की सुरक्षा को गंभीर खतरा निर्माण हो गया है, सामाजिक अस्थिरता बढ़ रही है, अपराधों में वृद्धि हो रही है, रोजगार की समस्या उत्पन्न हो रही है, और फर्जी दस्तावेजों पर रहने वाले घुसपैठियों का एक बड़ा रैकेट सक्रिय हो चुका है। इस समस्या के समाधान के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जो कड़ी करवाई का अभियान चलाया जा रहा है इसके लिए हिन्दू जनजागृति समिति सभी देशप्रेमी नागरिको की और से आपका अभिनन्दन करती है। 'बांग्लादेशी घुसपैठियों की खोज अभियान' चलाकर सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करा कर सख्त करवाई करें और उन्हें देश से बाहर निकाले इस मांग को लेकर कुछ माह पूर्व हिंदू जनजागृति समिति, शिवसेना, बजरंग दल सहित कई हिंदुत्वनिष्ठों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की भेट लेकर ज्ञापन सौपा था। जिसके फ्लस्वरूप आज यह करवाई होते हमें नजर आ रही है और यह सरकार का अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस तरह का खोज अभियान सम्पूर्ण राज में आरंभ कर घुसपैठियों के विरुद्ध की कड़ी करवाई की जाए ऐसी मांग हिन्दू जनजागृति समिति कर रही है।

## प्रदेश के किसान आधुनिक कृषि यंत्रों से हो रहे हैं समृद्ध

**रायपुर, 29 दिसंबर।** प्रदेश के किसान खेती-किसानी में आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग कर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। वहीं विकसित भारत विजन की परिकल्पना की ओर अग्रसर हो रहे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा किसानों को अनुदान पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसका बड़ी संख्या में किसान लाभ ले रहे हैं। किसान सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर खेती किसानी के उन्नत एवं आधुनिक तौर तरीके अपना रहे हैं, जिससे किसानों को पारंपरागत किसानी से अधिक फायदा हो रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन द्वारा कृषि के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित हैं जिनसे किसान लगातार लाभान्वित हो रहे हैं, चाहे वो उन्नत बीज हो या अन्य विभागीय योजनाएं।

# प्रदेश के साढ़े पांच लाख कर्मचारी हड़ताल पर, सरकारी कामकाज ठप



**रायपुर, 29 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन संघ की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही तीन दिवसीय हड़ताल अब और ज्यादा उग्र और प्रभावी होती नजर आ रही है। पूरे प्रदेश में करीब साढ़े पाँच लाख अधिकारी और कर्मचारी आज हड़ताल पर हैं। पदाधिकारियों ने साफकहा कि यह लड़ाई किसी एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि पूरे कर्मचारी वर्ग के अधिकारों की लड़ाई है। कार्यालयों में पहुंचे संघ के प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण तरीके से कर्मचारियों को समझाया कि हड़ताल को कमजोर करने से मांगों पर असर पड़ेगा। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे किसी भी दबाव में न आएं और संघ के साथ एकजुटता दिखाएं। संघ का कहना है कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है, जिससे आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। यदि मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, बी.पी. शर्मा, राजेश चटर्जी, चंद्रशेखर तिवारी, पवन शर्मा, जी.आर. चंद्रा, रोहित तिवारी, संजय सिंह, संजय ठाकुर, केदार जैन, मनीष मिश्रा, पंकज पांडेय, बिंदेश्वर रौतिया और अरुण तिवारी ने संयुक्त बयान में कहा कि मोदी की गारंटी को लागू कराने के लिए फेडरेशन की ओर से सरकार को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि 22 अगस्त 2025 को ध्यानाकर्षण के लिए प्रदेशव्यापी बंद और हड़ताल की गई थी, इसके बावजूद सरकार के अंदरखाने में कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को लेकर कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। जबकि प्रदेश में विकास कार्यों से लेकर कानून-व्यवस्था तक की पूरी जिम्मेदारी कर्मचारी और अधिकारी ही निभा रहे हैं।

# धर्मांतरण कराने वाले भूमिगत पास्टरों की गिरफ्तारी हो : अजय

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने धर्मांतरण कराने वाले भूमिगत प्रचार करने वाले पास्टरों को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि भूमिगत काम करने वाले पास्टर की गिरफ्तारी होनी चाहिए।



दरअसल धर्मांतरण के विरोध में 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया था, और बंद के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस के लिए सजाए गए पंडाल में तोड़फोड़ की थी। जिसपर उनपर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है।

विधायक अजय चंद्राकर ने उसी का जवाब देते हुए कहा कि तोड़ फोड़ के आरोप में पुलिस कार्रवाई कर रही है। जहां तक गिरफ्तारी का सवाल है तो मैं कह रहा हूँ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के पहले जो भूमिगत पास्टर हैं उनकी गिरफ्तारी चिन्हित करके होनी चाहिए। जो नक्सली नेटवर्क की तरह ये पास्टर लोग भूमिगत प्रचार करते हैं, वो जनता के सामने प्रचार करें। तो ये भूमिगत प्रचार करने वाले पास्टर पर कार्यवाही होनी चाहिए, जो भोली भाली जनता को बरगलाने का काम करते हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसा क्या है कि वो सार्वजनिक रूप से प्रचार नही कर सकते, मैं भी सुनना चाहता हूँ कि पास्टर कौन से जीवन दर्शन में बात करते हैं। और जो पास्टर सामने नही भूमिगत प्रचार करते हैं, उनको गिरफ्तार करके जेल भेज देना चाहिए, तब ऐसी प्रतिक्रिया नही होगी जो हो रही है।

## मंत्री टंकराम ने कहा- जो भ्रष्टाचार करेगा, वह बचने वाला नहीं

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज रायपुर और महासमुंद में 9 ठिकानों पर दबिश दी. ईडी की कार्रवाई को लेकर सियासी बजानबाजी तेज है. मंत्री टंकराम वर्मा का कहना है कि जो भी भ्रष्टाचार करेगा, वह बचने वाला नहीं है. किसी को बक्शा नहीं जाएगा. मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा. जो भ्रष्टाचार करेगा, वह बचाने वाला नहीं है. इस मामले में संभाग आयुक्त भी नजर रखे हुए हैं. बाकी बची सभी रिपोर्ट को मंगवाया जा रहा है. उस पर भी कार्रवाई भी होगी. इसलिए जमीन में भ्रष्टाचार रोकने के लिए विधानसभा में विधेयक लाया गया था.

# गुढ़ियारी में भागवत कथा 13 से



**रायपुर, 29 दिसम्बर।** 7 जनवरी से 13 जनवरी दोपहर 3 से 7 तक अवधपुरी मैदान, गुढ़ियारी, श्रीनगर रोड, रायपुर मैं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है इस पवित्र कथा में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त परम पूज्य चिन्मयानंद बापू जी भगवान कृष्ण की सुंदर दिव्य कथा सुनाएंगे और अपनी अमृतवाणी से धर्म का प्रचार करेंगे। पूज्य बापूजी के मुख से यह 599 वी कथा का गान किया जाएगा।

इस आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा 6 जनवरी को सुबह 9 से काली माता मंदिर प्रांगण गुढ़ियारी से प्रारंभ होकर कथा स्थल अवधपुरी मैदान गुढ़ि यारी तक पहुंचेगी जिसमें हजारों की संख्या में माताएं बहने अपने सिर पर मंगल कलश लेकर कलश यात्रा में सम्मिलित होगी। कलश यात्रा में बैंड, डीजे, भगवान की सुंदर-सुंदर झांकियां और छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध पारंपरिक कमां नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा और स्वयं पूज्य बापूजी इस कलश यात्रा में सम्मिलित होकर समस्त जनमानस को अपना शुभ आशीर्वाद देंगे। विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर के अनमानस से इस भव्य कलश यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया।

# कांग्रेसियों ने स्थापना दिवस पर बांटे बुजुर्गों को शॉल

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद रायपुर लोकसभा विकास उपाध्याय ने कांग्रेस के 140 व स्थापना दिवस पर बुजुर्गों को शॉल भेंट किया।

उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस का निर्माण जिस विचारधारा को लेकर महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू सरदार वल्लभभाई पटेल, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी ने किया था उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए आज मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित कांग्रेस के तमाम नेता और कार्यकर्ता काम कर रहे हैं, कांग्रेस का उद्देश्य त्याग तपस्या और बलिदान से लेकर सेवा और निर्माण तक रहा है और आज भी कांग्रेस की यह विचारधारा जीवित है और इस विचारधारा में निरंतर काम हो रहे हैं, देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मूल्यों की रक्षा एवं लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संकल्प बध है कांग्रेस पार्टी वंचित लोगों के अधिकारों की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है और आगे भी लड़ते रहेगी



कांग्रेस पार्टी का निर्माण जिस उद्देश्य को लेकर किया गया था उसी विचार धारा में आज भी कांग्रेस पार्टी काम कर रही है कांग्रेस पार्टी सदा किसान, जवान सहित हर एक भारतीय के लिए वचनबध है कि उनके हक और अधिकार के लिए वह सदा उनके साथ खड़ा है।

## भाजपा सरकार गरीबों के अधिकारों पर कर रही हमला: बंशी कन्नौजे

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेशभर में बीपीएल राशन कार्डधारियों के कार्ड बिना किसी ठोस कारण के लगातार काटे जा रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवार गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं।



रायपुर शहर कांग्रेस प्रवक्ता बंशी कन्नौजे ने जारी बयान में कहा कि यह अत्यंत विरोधाभासी और दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन बीपीएल राशन कार्डों को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनाया गया था, उन्हीं कार्डों को आज वर्तमान भाजपा सरकार समाप्त कर रही है। इससे भाजपा की कथनी और करनी के बीच का अंतर साफ तौर पर उजागर होता है।

बंशी कन्नौजे ने कहा कि भाजपा सरकार एक ओर गरीबों के कल्याण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उनके अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। बिना स्पष्ट कारण कार्ड काटना न केवल जनविरोधी कदम है, बल्कि आम जनता के साथ अन्याय भी है।

कांग्रेस पार्टी इस निर्णय की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि बिना कारण काटे गए सभी बीपीएल राशन कार्डों को तत्काल बहाल किया जाए तथा पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

# खेत में सजी थी जुए की महफिल, 10 गिरफ्तार



**रायपुर, 29 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खार में जुआ खेल रहे 10 लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1,71,290 नकद, 7 दोपहिया वाहन और ताश की गड्डियां जब्त की हैं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब ?4.72 लाख आंकी गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर जिले में जुआ और सट्टा के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को थाना आरंग पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भानसोज के खार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान 10 आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना आरंग में जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी में देवेंद्र वर्मा (37) ग्राम भानसोज, वितिक गायकवाड़ (23) ग्राम भानसोज, दिनेश कुमार वर्मा (40) पिपरहट्टा, राधेश्याम साहू (52) ग्राम फरफौद, राहुल गायकवाड़ (36) ग्राम भानसोज, पुष्कर साहू (36) ग्राम फरफौद, राजू साहू (47) पिपरहट्टा, कृष्ण कुमार साहू (61) पिपरहट्टा, नारायण चंद्राकर (35) ग्राम फरफौद, दिलेश्वर साहू (32) ग्राम जरौद है।

# सनातन विरोधी भूपेश बघेल का जलाया गया पुतला



**रायपुर, 29 दिसम्बर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का प्रदेश भर में पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार अपमानित किया हैं, हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन सुनने और शिव-भक्ति के लिए गाँव-गाँव, गली-गली में सनातनी उमड़ पड़े हैं। हमें गर्व है कि धीरेंद्र शास्त्री भगवान बागेश्वर धाम की महिमा बता रहे हैं। उन्होंने सनातन को जागृत करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों से दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें संरक्षण देने वाले को सनातन धर्म एवं हमारे साधु-संतो पर बोलने का अधिकार नही है और यही कांग्रेस पार्टी जो लगातार सनातन का विरोध करती है वे अब कुछ राज्यों तक ही सीमित हो गए है और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं होगी। इस दौरान अमन प्रताप, विशाल पांडेय, वासु शर्मा, पिंटू साहू, अर्पित सूर्यवंशी, प्रणय साहू, अश्वनी विश्कर्मा, शंकर साहू, अभिषेक धनगर, योगी साहू, शुभंकर द्विवेदी, युगल वर्मा, भारत कुंड, आकाश शर्मा, राज गायकवाड, राहुल वर्मा, सुरेंद्र साहू, गुरमीत सिंह, गोपाल साहू, धर्मेश वर्मा मौजूद थे।

आयोजन

### नेत्र, किडनी, लीवर जांच, हड्डी रोग के विशेषज्ञों ने दी सेवाएं

# सर्वजन निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 954 लोगों ने कराई जांच

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** सर्वजन के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सरयूपारिण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजन तुलसी भवन संजय रिंग रोड 1 में आयोजित किया गया। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने दी।

डॉ सुरेश शुक्ला ने बताया कि आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 954 लोगो ने अपनी जांच करवाई जिसमे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दी, नेत्र रोग, किडनी रोग, लीवर जांच, हड्डी रोग, न्यूरोफिजिशियन दंत रोग चिकित्सक डॉ आभास शुक्ला, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ देव मिश्रा फिजियोथैरेपी, डॉ विकास द्विवेदी होम्योपैथिक चिकित्सा डॉ इतिषा मिश्रा आर्युवेदिक चिकित्सा, डॉ गीतेश पटेल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रतित त्रिपाठी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक त्रिपाठी, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहें. उक्त स्वास्थ्य शिविर पूर्णतः निशुल्क रहा इसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ आनन्द सक्सेना द्वारा नेत्रों का परीक्षण कर 325 चश्मा वितरण किया गया। मीडिशाईन के डॉ सुशील शर्मा, एलोपैथिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अमित शर्मा, आयुर्वेदिक दवाइयां का वितरण भी निशुल्क किया गया साथ ही पैथोलॉजी जांच 63एक्स रे, भी निशुल्क हुआ.योग पद्धति, मर्म चिकित्सक भी उपस्थित रहे। यह आयोजन सभी नागरिकों के लिए रहा, सभी समाज के लोग आकर इसका लाभ उठाया। शिविर प्रातः 10 बजे समाज के कुलपुरुष तुलसीदास की पूजन कर प्रारंभ किया किया। स्वास्थ्य शिविर के अंत में सभी डाक्टरों का अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया शिविर में सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री, सुनील सोनी विधायक, राजे महंत डॉ रामसुंदर दास पूर्व विधायक तथा क्षेत्रीय जोन अध्यक्ष बद्री गुप्ता, पार्षद प्रमोद साहू, पंकज शर्मा राम मूरत तिवारी, शिवबदन मिश्रा केलाश तिवारी, आर एल द्विवेदी, बी के मिश्रा, मित्रेश दुबे राजेन्द्र शर्मा उमाकान्त तिवारी प्रमोद शर्मा शैलेश शर्मा नवीन दुबे बैजनाथ मिश्रा, संजय मिश्रा, शिवम त्रिपाठी, अंकुश शुक्ला यदुवंश मणि त्रिपाठी, ब्रिसनेन्द मिश्रा, राम हृदय तिवारी, प्रवीण चौबे, एवं अन्य गणमान्य नागरिक विशेष अतिथि के बतौर पर आमंत्रित मौजूद रहे।



# खरोरा-तिल्दा-सिमगा फोरलेन बनाने की मांग

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने खरोरा से तिल्दा, सिमगा होते हुए टू लेन पहुंच मार्ग को फोरलेन करने की मांग को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है। राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि यह मार्ग न केवल क्षेत्र की जीवनरेखा है, बल्कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। इस खरोरा-तिल्दा-सिमगा- मार्ग पर कई बड़े सीमेंट प्लांट, स्पंज आयरन यूनिट्स और इस्पात फैक्टरियां स्थित हैं या इससे जुड़ी हुई हैं।

प्रमुख रूप से तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में सेंचुरी सीमेंट (बैकुंठ), सरोरा और तिल्दा में गोडावरी पावर एंड इस्पात, बजरंग पावर एंड इस्पात, संभव स्पंज पावर जैसी इकाइयां, खरोरा और आसपास में डालमिया सीमेंट की प्रस्तावित यूनिट तथा आदानी पावर प्लांट जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इन फैक्टरियों से रोजाना सैकड़ों ट्रक भारी माल लेकर इस मार्ग पर गुजरते हैं, जिससे सड़क पर लगातार भारी ट्रैफिक रहता है।

राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आगे कहा कि वर्तमान में यह मार्ग दो लेन का होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, यातायात जाम आम बात हो गई है और परिवहन लागत भी अधिक हो रही है। इससे क्षेत्र की जनता तो प्रभावित हो ही रही है, साथ ही औद्योगिक उत्पादन और निर्यात पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इसी क्षेत्र से कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा होने के बावजूद भाजपा सरकार इस महत्वपूर्ण खरोरा-तिल्दा-सिमगा- मार्ग के विकास में पूरी तरह विफल साबित हुई है। राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जहां भी कार्यक्रमों में जाते हैं, सिर्फगाना गाते नजर आते हैं, लेकिन क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों जैसे सड़क विकास, औद्योगिक सुरक्षा और जनता की सुविधा पर कोई ध्यान नहीं देते।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार से स्पष्ट मांग की है कि तत्काल इस खरोरा-तिल्दा-सिमगा- मार्ग को फोरलेन करने की घोषणा करें, बजट आवंटित करें और कार्य शुरू करवाएं। साथ ही तिल्दा शहर को छोड़कर बाईपास मार्ग बनाएं। इससे क्षेत्र में दुर्घटनाएं रुकेंगी, यातायात सुगम होगा और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। राजेंद्र पप्पू बंजारे ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठाया तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26